Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 319 | शनिवार, 22 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

## पिथौरागढ़ को मिली बड़ी सौगात, जल्द बनेगा 11.55 किलोमीटर लंबा बाईपास



**पिथौरागढ़।**

टनकपुर-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग में पिथौरागढ़ नगर क्षेत्र में बाइपास की कवायद शुरू हो चुकी है। एनएच बाइपास निर्माण को लेकर आयोजित जनसुनवाई में कोई बड़ी आपत्ति सामने नहीं आई। जनसुनवाई पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित बाइपास के एलाइमेंट में आंशिक परिवर्तन की मांग उठाई। इससे पिथौरागढ़ में एनएच बाइपास का रास्ता साफ हो चुका है।

पिथौरागढ़ में ऐंचोली से घुनसेरा गांव तक लगभग 11.55 किमी लंबी दूरी का एनएच बाइपास प्रस्तावित है। इसमें चार स्थानों पर टनल भी बनाई जानी है। यह टनल ऐंचोली से टकाड़ी तक करीब 909 मीटर, चंडाक-पुनेड़ी तक दो टनल बनेगी। पहली टनल की लंबाई करीब 949 मीटर और दूसरी टनल की लंबाई 695 मीटर होगी। जबकि चौथी टनल तड़ीगांव से घुनसेरा के लिए करीब 448 मीटर लंबी होगी। एनएच बाइपास की जद में ऐंचोली से घुनसेरा गांव तक कई गांवों की नाप भूमि व कुछ भवन भी आ रहे हैं। इसे लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों के जनप्रतिनिधि व नगर क्षेत्र के पार्षद मौजूद रहे।

### ट्रंप-ममदानी की अनोखी जुगलबंदी

## राजनीतिक टकराव किनारे, न्यूयॉर्क को सस्ता और सुरक्षित बनाने पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली।**

व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और न्यूयॉर्क मेयर-इलेक्ट जोहरान ममदानी की पहली मुलाकात में दोनों ने महंगाई, हाउसिंग और शहर की सुलभता पर साझा पहल की बात कही। राजनीतिक टकराव के बावजूद बैठक उम्मीदों से भरी रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और न्यूयॉर्क सिटी के मेयर-इलेक्ट जोहरान ममदानी के बीच ओवल ऑफिस में हुई पहली मुलाकात आश्चर्यजनक रूप से सौम्य रही। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर पहले तीखे राजनीतिक हमले किए थे, लेकिन बैठक में उन्होंने शहर की बढ़ती महंगाई, किराया और रोजमर्रा के खर्चों पर साझा रूप से कदम उठाने की बात पर जोर दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने बैठक के बाद कहा हम न्यूयॉर्क को सुरक्षित और सशक्त बनाने में उनकी मदद करेंगे। हर किसी का सपना पूरा होना चाहिए।

ट्रंप ने ममदानी को लेकर कहा मुझे लगता है ये कई कंजरवेटिव लोगों को हैरान कर देंगे। ममदानी ने बताया कि उन्होंने यह बैठक इसलिए मांगी ताकि न्यूयॉर्क शहर को अधिक सुलभ बनाने के तरीकों पर चर्चा हो सके। मेयर चुनाव के दौरान ट्रंप लगातार ममदानी पर निशाना साधते रहे। उन्होंने ममदानी को कम्युनिस्ट कह दिया, न्यूयॉर्क की फेडरल फंडिंग रोकने की धमकी दी और उनकी नागरिकता तक पर सवाल उठा दिए। ट्रंप ने तो यहां तक कह दिया था कि अगर ममदानी इमिग्रेशन एजेंसियों के साथ सहयोग नहीं करेंगे, तो वे उन्हें गिरफ्तार भी करा सकते हैं। इसके बावजूद, ममदानी ने इन बयानों को सिर्फ राजनीतिक हथकंडे बताते हुए शांत और रणनीतिक तरीके से चुनाव अभियान चलाया और अंत में पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्यूमो को मात देकर जीत हासिल की।

### बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में अमित शाह की हुंकार

# 'देश से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर बाहर निकालेंगे'



**कच्छ-भुज।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश में से एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर बाहर निकालेंगे। एसआइआर प्रक्रिया का विरोध कर रहे राजनीतिक दलों पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कुछ दल चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में बने रहे। गृहमंत्री ने ये बातें गुजरात के भुज के हरिपुर में बीएसएफ के हीरक जयंती (61वें स्थापना दिवस) समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने देश के नागरिकों से चुनाव आयोग द्वारा जारी वोटर लिस्ट की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया का पूरा समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया देश और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है, जिससे यह पक्का होगा कि हर एक घुसपैठिए को वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की जीत देश में घुसपैठियों के खिलाफ जनादेश है क्योंकि देश की जनता कभी भी उन दलों का समर्थन नहीं करेगी जो ऐसे अवैध घुसपैठियों का समर्थन करते हैं। इस देश के किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री कौन हो, देश का प्रधानमंत्री कौन हो, यह निर्णय केवल और केवल भारत का नागरिक कर सकता है। किसी घुसपैठिये को अधिकार नहीं है कि वह हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली को प्रदूषित करे और हमारे लोकतांत्रिक फैसले को प्रभावित करे। एसआइआर एक तरह से हमारे देश और लोकतंत्र को सुरक्षित करने की प्रक्रिया है और हर नागरिक को इसका पूरा समर्थन करना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा, 'मैं उन राजनीतिक दलों को भी आगाह करना चाहता हूं जो इन घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। बिहार चुनाव देश की जनता का जनादेश है और यह जनादेश हमारे देश में घुसपैठियों की मौजूदगी के खिलाफ है।' केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा है कि बीएसएफ के लिए ई-बार्डर सिक्युरिटी का कांसेप्ट ला रहे हैं। बीएसएफ की इसमें अहम भूमिका रहेगी।

### बीएसएफ को दुनिया की सबसे आधुनिक फोर्स बनाएंगेः शाह

शाह ने कहा कि अगले पांच वर्ष में बीएसएफ को दुनिया की सबसे आधुनिक फोर्स बनाएंगे। बीएसएफ के जवान माइनस तापमान में, भीषण सर्दी व भीषण गर्मी में भी जल,थल व नभ की सुरक्षा को समर्पित हैं। इसलिए ही देश की जनता चैन की नींद सो पाती है। शाह ने बताया कि अगला एक वर्ष बीएसएफ के जवानों के कल्याण के लिए समर्पित रहेगा। हजारों जवानों ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश के लिए बलिदान हो गए। आतंकवाद से लड़ना हो या फिर नक्सलवाद से बीएसएफ के जवान हर हालात में सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं। शाह ने बताया कि बीएसएफ ने अब तक 12 लाख 95 हजार रुपये के 18 हजार किलोग्राम मादक पदार्थ पकड़ा है जो एक बड़ी उपलब्धि है।

### बीजेपी महिला मोर्चा आज चंडीगढ़ प्रदर्शन करेगी

## केजरीवाल भूले पंजाब महिलाओं को 1000 देने का वादा

**चंडीगढ़।**



भाजपा महिला मोर्चा आप सरकार की ओर से महिलाओं को एक हजार रुपये मासिक देने का वादा पूरा न होने के खिलाफ शनिवार को चंडीगढ़ में प्रदर्शन करेगी।

भाजपा के प्रदेश कार्यकारी प्रधान अश्विनी शर्मा ने एक्स पर लिखा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 22 नवंबर 2021 को मोगा में एक रैली दौरान राज्य की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने की जो गारंटी दी गई थी, उसके 4 साल पूरे होने वाले हैं, लेकिन आज तक पंजाब की महिलाओं को इस वादे की एक भी किस्त नहीं मिली। इसी के खिलाफ महिला मोर्चा की ओर से चंडीगढ़ में रोष मार्च निकाला जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जय इंदर कौर ने बताया कि केजरीवाल द्वारा की गई इस गारंटी के मुद्दे पर राज्यभर की सैकड़ों महिलाएं सुबह 11 बजे सेक्टरझ्37 स्थित भाजपा कार्यालय से सेक्टर दो स्थित मुख्यमंत्री के कैंप आफिस की ओर कूच करेंगी। जय इंदर कौर ने सवाल उठाया कि पंजाब के ह्यसुपर सीएमह्ल केजरीवाल से बीते 45 महीनों में महिलाओं के खातों में एक भी रुपया क्यों नहीं आया? उन्होंने कहा कि महिलाएं केजरीवाल से तीसरी गारंटी का हिसाब लेकर रहेंगी और यह जवाब जरूर लिया जाएगा कि 3 करोड़ पंजाबियों को हर महीने 1000 रुपए देने का वादा कहां दबाकर बैठ गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह रोष मार्च केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि केजरीवाल की ह्यझूठी गारंटियोंह्ल के खिलाफ एक बड़ी मुहिम की शुरूआत है। जनता ने केजरीवाल पर जो भरोसा किया था, उन्होंने उस भरोसे को तोड़ दिया है और अब लोग उनसे हिसाब मांगने को तैयार खड़े हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की लाखों महिलाओं ने गारंटी कार्ड भरा था, रैलियों में हिस्सा लिया था, लेकिन आज 4 साल बाद भी महिलाओं को वह पैसा नहीं मिला, जिसका वादा केजरीवाल ने चुनावों से पहले किया था।

## लेह में हुए हिंसक प्रदर्शन के गवाहों को धमकाया तो होगी कड़ी कार्रवाई



**जम्मू।** लेह में 24 सितंबर की हिंसक प्रदर्शन के दौरान हुई चार लोगों की मौत के मामले की जांच कर रही न्यायिक जांच समिति ने कहा कि इस मामले से जुड़े गवाहों या संबंधित व्यक्तियों को डराने-धमकाने, दबाव बनाने या किसी भी प्रकार से इस प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को लेह में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए न्यायिक जांच आयोग के संयुक्त सचिव रिग्जिन स्पालगोन ने कहा कि अगर किसी को पहले भी धमकाया गया है तो इस मामले में शिकायत दर्ज होने पर आयोग कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई सामने आने से डर रहा है तो आयोग उसकी पहचान को गुप्त रखेगा। उन्होंने कहा कि आडियो, वीडियो, सुबूत देने के बाद भी किसी को परेशान किया जाता है तो इस मामले में कार्रवाई करने का प्राविधान है। इस बारे में आयोग की ओर से नोटिस जारी किया गया है।

## भारत के खिलाफ बांग्लादेश का हथियारों की तरह इस्तेमाल कर रहा पाकिस्तान

**ढाका।**



पाकिस्तान भारत विरोधी अभियानों के लिए बांग्लादेश का हथियारों की तरह इस्तेमाल कर रहा है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आइएसआइ) के हैंडलर, जिनमें पाकिस्तान सेना के पुराने कमांडो भी शामिल हैं, बांग्लादेश के बंदरबन, ब्राह्मणबरिया और सिलहट जिलों के कैंपों में 125 से अधिक लोगों को आतंकी ट्रेनिंग दे रहे हैं। इनमें 50 से अधिक रोहिंग्या युवक और आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम और हिज्ब-उत-तहरीर के कैडर शामिल हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि प्रशिक्षण में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाना, गुरिल्ला रणनीति और घुसपैठ शामिल है। जानबूझकर भारत के पूर्वोत्तर सीमा के बिना बाड़ वाले हिस्सों के पास कैंप बनाए जाते हैं। 'साउथ एशिया प्रेस' की रिपोर्ट में बताया गया है कि बांग्लादेश पाकिस्तान की हाइब्रिड वारफेयर स्ट्रैटेजी में एक अहम हिस्सा बनकर उभर रहा है।

## शिंदे की शिवसेना ने रिपब्लिकन सेना के साथ किया गठबंधन

### बोले- हम बाबासाहेब के विचारों के भक्त हैं



**ठाणे।**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार रात ठाणे में दलित संगठन रिपब्लिकन सेना के साथ गठबंधन की घोषणा करते हुए भीमशक्ति-शिवशक्ति एकता के पुनरुत्थान की घोषणा की। भीमशक्ति-शिवशक्ति शब्द का इस्तेमाल अतीत में अविभाजित शिवसेना और डॉ बीआर आंबेडकर के अनुयायियों के एक साथ आने के लिए किया जाता रहा है। यह घोषणा राज्य में निकाय चुनावों से पहले की गई है। शिवसेना प्रमुख शिंदे ने कहा कि यह नई साझेदारी कुर्सी के लिए नहीं, बल्कि न्याय के लिए है।

शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में रिपब्लिकन सेना प्रमुख आनंदराज आंबेडकर और अन्य लोग शामिल हुए। शिंदे ने कहा कि यह गठबंधन बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा और वंचितों व शोषितों के उत्थान के लिए साझा प्रतिबद्धता पर आधारित है। उन्होंने आगे कहा कि आनंदराज आंबेडकर में बाबासाहेब का खून है और हम बाबासाहेब के विचारों के भक्त हैं। भारतीय लोकतंत्र में डॉ. आंबेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए, शिंदे ने कहा कि संविधान ने साधारण पृष्ठभूमि के लोगों को सर्वोच्च पदों तक पहुंचने में सक्षम बनाया और उनके जैसा एक किसान का बेटा मुख्यमंत्री बन सका।

## दिल्ली में प्रदूषण और सर्दी का डबल अटैक

**नई दिल्ली।**

उत्तर भारत में कोहरे और सर्दी का असर अब धीरे धीरे बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने पहाड़ों पर बर्फबारी की संभावना जताते हुए शीतलहर और कड़ाके की सर्दी के आसार जताए हैं, जिसका असर दिल्ली से लेकर बिहार और मध्य प्रदेश तक पड़ेगा। पंजाब, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिम मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्का कोहरा छाया रहा। अगले 2झ3 दिनों में मध्य भारत, महाराष्ट्र और गुजरात के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो सकती है। पश्चिम मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति देखने को मिल सकती है। वहीं, शनिवार और रविवार को नए वेदर सिस्टम के असर से अरुणाचल प्रदेश, असम, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम में हल्की बारिश की संभावना है, जबकि दक्षिण भारत में आंधी-तूफान, वज्रपात होने के साथ भारी बारिश की बड़ी चेतावनी है। पिछले 24 घंटे के दौरान, अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा तमिलनाडु में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर तेज बारिश हुई।



## संपादक की कलम से

# वहां आशु पुरी ही नहीं मरा

बात सीधी गोली पे निकल आए, महफिल में गुनाह के ठिकाने हैं। जिंदगी की रात उठाए, वो कौन सा मंजर ऊना में शुरू हुआ। एक होटल की रंगीनियों में दो गुट आमने-सामने, नतीजतन 37 वर्ष का आशु पुरी खून के दरिया में डूब गया। वारदात पुन: ऊना को अभिशप्त कर गई और यह उसी खूंखार श्रृंखला की बानगी है, जिसके तहत कम से कम दर्जन भर लोग पिछले तीन सालों में



ललित शर्मा
संपादक

अपनी जिंदगी गंवा चुके हैं। जाहिर है वहां हथियार थे, अवैध व्यापार थे। महफिलें थीं, ताकत थी और एक खूंखार निर्भीकता भी थी, जो हर दूसरे व्यक्ति से छीनना चाहती थी उसके होने का एहसास। क्या ये सभी चेहरे सियासी थे या नई उपलब्धियों के अवैध कारनामे थे। क्या पुलिस को मालूम नहीं था या इतना मालूम था कि जिला में जेब गर्म करने के लिए कुछ जल्लाद पालने पड़ते हैं। जाहिर है वहां केवल आशु पुरी नहीं मरा, बल्कि गोली के छेद कानून-व्यवस्था के आर पार हैं। यही छेद पुलिस की निगरानी में तब होते हैं जब नालागढ़ की गश्त पर हमला हो जाता है। वहां पार्टी शराब ठेके के बाहर सजी थी। इसे शराबियों की हिम्मत कहें या अपराध के दुर्ग मानें कि मसला सुलझाने गई पुलिस टीम घायल हो गई। प्रहार उन्हीं बोतलों के जिन पर शराब बेच कर सरकार खजाना भरती है। उद्दंडता का ठेका अब हर ठेके पर है, वहां पुलिस नहीं अब इसी का ठहाका है। पुलिस का पिटना तो समझ नहीं आता, लेकिन प्रमुख सडकों, बाजारों और बस्तियों के नजदीक खुले ठेके और अहाते, अब आम आदमी को अपने ही परिवेश में डराते हैं। डराते हैं हिमाचल के मंजर जब किसी शांत नदी या खड्ड के पत्थर चुराए जाते हैं। रेत को अपनी मर्जी पर छानने वाले अब राजनीति के धुरंधर और नेताओं के प्रश्रय में पुलिस की पर्चियां सिर्फ वीआईपी शब्दकोष में, जीहजूरी में तल्लीन हो जाती हैं। हमारा प्रदेश अब भोलाभाला नहीं, कानून की आंख निकालने वाला हो गया। अंधे रास्तों पर अंधे लोग क्या चलेंगे, यहां जनता सिर्फ अपनी कैद में महफूज है। सोलन के एक शिक्षण संस्थान की डिग्री शरमा गई। छात्रों में गुट और गुटों में संघर्ष का लबादा ओढ़े सोलन भयभीत हो गया। विश्वविद्यालय के सामने अभिभावकों की अदालत में अचानक पिस्तौल की हाजिरी और अनुशासन की हाजिरी में एक छात्र द्वारा सात हवाई फायर करना, इनका या उनका नसीब नहीं, हमारी चुनौती है। और खोलो जंगलों में विश्वविद्यालय या पुलिस को वीआईपी चरागाहों में रखो। कानून की आंख वो कैमरे कहां, जिन्हें दिखाते हुए पुलिस घोषणाएं करती है। हिमाचल को चाहिए अब रात के पहरे और सडकों पर पैट्रोलिंग करती टुकडियां। पुलिस को अब नाखून पहनने होंगे तथा शिमला में बैठे आला अफसरों को पूरे प्रदेश के हवाले करना होगा। क्या पुलिस सिर्फ दो ग्राम चिट्टा पकड़ कर नशे को पस्त करेगी। क्या कानून व्यवस्था की जरूरत पर्यटन की बढ़ती अधोसंरचना, हिमाचल की जीवनशैली में आते परिवर्तनों, शिक्षा हब के नजारों में बाहरी छात्रों के खुलेपन और मैट्रो कल्चर के समागमों में बढ़ नहीं जाती। धीरे-धीरे हिमाचल के शहरों में नाइट लाइफ देर रात तक जागने लगी है। प्रभावशाली लोग इन महफिलों में अपनी शान या अपना प्रभाव दिखाने लगे हैं।

## डॉ.राजीव डोगरा



### कुछ सिखा है

कविता

टूटे हुए लफ्जों को
बटोर कर मैंना
लिखना सिखा हैं।
बहतें अश्कों के
दरिया में डूबकर
मैंना तैरना सिखा है।
जिस मिट्टी में
मेरे अपनों ने ही
मुझे मिट्टी किया,
उस मिट्टी से मैंना
खुद को ढालना सिखा हैं।
जिस ऊंचाई के
अहं में लोगों ने
मुझे नीचे गिराए,
उस ऊंचाई के भी
आसमाँ को मैंना
छूना सिखा है।
मुकाम-ऐ-दौर में
अपनों से ही मुझे
जो ठोकरें मिली,
उन ठोकरों से मैंना
आगे बढ़ना सीखा हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# शराब की लुभावनी पैकेजिंग के खतरे एवं सुप्रीम कोर्ट की चिंता



ललित गर्ग

हाल ही में देश की शीर्ष अदालत ने शराब की पैकेजिंग को लेकर जो गंभीर टिप्पणी की है, वह केवल कानूनी हस्तक्षेप नहीं बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाली चेतावनी है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि शराब को इस तरह आकर्षक और लुभावना बनाकर प्रस्तुत करना सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ-साथ संस्कृति एवं सामाजिक के साथ खिलवाड़ है। चमकीली बोतलें, विदेशी डिजाइन, चटकदार रंग और ग्लैमरस बॉक्स-ये सब रणनीतियां लोगों को, विशेषकर युवाओं को, महिलाओं को शराब की ओर खींचने का साधन बन चुकी हैं। शराब की यह भ्रामक एवं बाजारवादी पैकेजिंग एक गंभीर एवं नया खतरा है। यह प्रवृत्ति केवल बाजार का विस्तार नहीं बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य, नैतिकता और मानसिक संतुलन पर गहरा हमला है। जन-स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली शराब कम्पनियों की दुराग्रही सोच एवं गुमराह करने वाली पैकिंग एक आपराधिक कृत्य है। जूस पैक जैसे दिखने वाले टेट्रा पैक में बेची जा रही शराब अनेक खतरों को आमंत्रण है।

आज जब देश शराब की वजह से होने वाली बीमारियों, दुर्घटनाओं, हिंसा, पारिवारिक विघटन और मानसिक अवसाद जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तब शराब को फैशनेबल बनाकर बेचना एक बहुत बड़ा खतरा बन जाता है। शराब कंपनियों ने पैकेजिंग को आधुनिकता, प्रतिष्ठा और स्टाइल से जोड़ दिया है, जिससे युवा वर्ग इसे किसी उपलब्धि जैसा मानने लगा है। सामाजिक और मनोवैज्ञानिक रूप से यह पैकेजिंग व्यक्ति के मन में यह भ्रम पैदा करती है कि शराब पीना आधुनिकता का प्रतीक है, जबकि वास्तविकता यह है कि शराब हर रूप में शरीर और मन के लिए घातक जहर है। शराब के घातक एवं दुष्प्रभाव किसी से छिपे नहीं हैं। यह धीरे-धीरे शरीर को भीतर से खोखला करते हुए नशे की अंधी गलियों में धकेल देती है। लिवर सिरोसिस, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, मानसिक असंतुलन, अवसाद और नींद की गंभीर समस्याएं शराब सेवन की सीधी देन हैं। सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले हजारों लोग शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण अपनी जान गंवाते हैं। घरेलू हिंसा, अपराध और परिवारों के टूटने में शराब की भूमिका लंबे समय से प्रमाणित है। ऐसे में शराब को आकर्षक पैकेजिंग में परोसना मानो लोगों को स्वेच्छा से विनाश के रास्ते पर भेजने जैसा है।



समाज तभी सुरक्षित हो सकता है जब हम शराब को आकर्षण का नहीं, विनाश का प्रतीक मानें। उसकी पैकेजिंग में चमक-दमक नहीं, चेतावनी झलके। उसका सेवन आधुनिकता नहीं, दुर्बलता समझा जाए। यह चेतना तभी बढ़ेगी जब कानून भी कठोर होंगे और समाज भी सजग। सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी इसी दिशा में एक गंभीर कदम है, अब सरकार और समाज की जिम्मेदारी है कि इसे वास्तविक सुधार में बदला जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए चिंता जताई है कि शराब की बोतलों की पैकिंग ऐसी नहीं होनी चाहिए जो उपभोक्ता को उसकी वास्तविक हानियों से दूर ले जाए। चेतावनियां अक्सर बोतल के किनारे इस तरह लगाई जाती हैं कि वे दिखती ही नहीं। कंपनियां स्वास्थ्य चेतावनियों को ढककर अपने उत्पाद की सुंदरता को आगे करती हैं। यह न केवल अनैतिक है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी नीतियों की मूल भावना के भी विरुद्ध है।

जब सरकार तंबाकू पर बड़ी और भयावह चेतावनियों को अनिवार्य कर चुकी है, तो शराब जिसका स्वास्थ्य पर प्रभाव कई मामलों में उतना ही विनाशकारी है, उसकी पैकेजिंग पर भी समान कठोर नियम लागू होना चाहिए। समाज में शराब की बढ़ती स्वीकृति का बड़ा कारण यह भी है कि शराब उद्योग ने पैकेजिंग को ही आकर्षक विज्ञापन का माध्यम बना दिया है। जहां शराब विज्ञापन पर कानूनी रोक है, वहां कंपनियां रंगीन बोतलों और खूबसूरत बॉक्सों को ही प्रचार का तरीका बना लेती हैं। यह परोक्ष विज्ञापन है, जो कानून की भावना का उल्लंघन करता है और युवाओं को नशे की ओर ले जाता है। ऐसे में सादे, सरल और सामान्य पैकेजिंग की दिशा में कदम बढ़ाना आवश्यक है, ताकि शराब किसी लक्जरी उत्पाद की तरह न दिखे, बल्कि उसका स्वरूप ही लोगों को चेतावनी देने वाला बने। यह भी चिंताजनक है कि शराब उद्योग का उद्देश्य केवल बिक्री बढ़ाना है, भले ही उससे समाज कितना भी प्रभावित क्यों न हो। वे यह नहीं देखते कि शराब कितने घर बर्बाद कर रही है, कितने लोग बीमार हो रहे हैं और कितनी जिंदगियां संकट में हैं। इस मानसिकता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई बेहद आवश्यक है। शराब की ग्लैमरस पैकेजिंग पर रोक लगाने से न केवल उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि समाज में नशामुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण वातावरण भी बनेगा। सरकारों के लिये राजस्व का बड़ा जरिया शराब है, इसलिये सरकारें भी शराब के खिलाफ खुलकर सामने नहीं आती। सुप्रीम कोर्ट की इस चेतावनी को केवल उद्योगों के लिए ही नहीं, बल्कि सरकार, समाज और परिवारों के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए। शराब किसी भी रूप में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और उसे आकर्षक बनाकर बेचना मानव जीवन के मूल्य को कम करना है। आज आवश्यकता है कि शराब की पैकेजिंग को नियंत्रित किया जाए, उसे सामान्य और गैर-आकर्षक बनाया जाए, स्पष्ट चेतावनियां लिखी जाएं और शराब को समाज में सम्मानजनक स्थान देने वाली प्रवृत्तियों पर रोक लगे। सरकार को भी स्वस्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे कानून बनाने चाहिए जो शराब उद्योग की विपणन चालों को सीमित करें।

आज शराब का प्रसार केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक विघटन का बड़ा कारण बनता जा रहा है। शराब से जुड़े अपराधों और हिंसा की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है, विशेषकर महिलाओं के प्रति अत्याचार, घरेलू हिंसा, आर्थिक शोषण और मानसिक प्रताड़ना का बड़ा कारक शराब ही बन रही है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि महिलाओं के खिलाफ होने वाली लगभग आधी हिंसक घटनाओं में शराब प्रमुख भूमिका निभाती है। नशे में धुत्त पुरुष अक्सर पारिवारिक तनाव, गुस्से और असंतुलन के कारण महिलाओं पर अत्याचार कर बैठते हैं, जिससे न केवल उनका आत्मसम्मान टूटता है बल्कि पूरा परिवार भय, असुरक्षा और अपमान के वातावरण में जीने को मजबूर हो जाता है। शराब का यह प्रभाव किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण से शहरी, गरीब से सम्पन्न वर्ग तक फैल चुका है और इसे अनदेखा करना अब समाज के लिए संभव नहीं। चिंता का विषय यह भी है कि शराब अब केवल बार या नाइट क्लबों तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक अवसरों-शादियों, जन्मदिनों, दफ्तर की पार्टियों, त्योहारों, यहां तक कि छोटे सामाजिक समारोहों में भी परोसी जाने लगी है। शराब को सामाजिकता का हिस्सा और आधुनिकता का प्रतीक बताकर जिस तरह से उसकी पैठ बढ़ाई जा रही है, वह एक खतरनाक सांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत है। परिवारों में युवा पीढ़ी अपने बड़ों को शराब का उपभोग करते हुए देखकर इसे सामान्य मानने लगी है, जिससे किशोर अवस्था में ही शराब सेवन की शुरूआत हो जाती है।

स्कूल-कॉलेज के छात्र फैशन, दबाव, दोस्तों की नकल और विज्ञापन जैसी पैकेजिंग के प्रभाव में आकर शराब की लत में डूब रहे हैं। यह पीढ़ी मानसिक एवं शारीरिक दोनों स्तर पर कमजोर होती जा रही है। शराब न केवल उनकी पढ़ाई, कैरियर एवं सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट करती है, बल्कि भविष्य के परिवार एवं समाज की नींव तक को हिला देती है। इन बढ़ती चिन्ताओं का समाधान केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक पुनर्संयम और परिवारों में जिम्मेदार व्यवहार से ही संभव है।

# वैश्विक व्यापार में रुपये की नई दस्तक



प्रियंका सौरभ

रुपये का अंतरराष्ट्रीयकरण भारत को आर्थिक स्वायत्तता, भुगतान सुरक्षा और रणनीतिक स्वतंत्रता प्रदान करता है। इससे डॉलर पर निर्भरता घटती है, भुगतान बाधाएँ कम होती हैं और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव घटता है। निर्यातकों को विनिमय दर से जुड़े जोखिम कम होते हैं, जबकि व्यापारिक साझेदारों के लिए भी स्थानीय मुद्रा में निपटान अधिक सरल व स्थिर होता है। स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली, त्वरित भुगतान तंत्र की वैश्विक पहुँच, तथा रुपये आधारित ऋण व्यवस्था जैसे कदम भारत को वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में अधिक प्रभावशाली भूमिका की ओर अग्रसर करते हैं। भारत आज उभरती वैशिक अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण केंद्र बन रहा है और इसी आकांक्षा के साथ वह अपनी मुद्रा—भारतीय रुपये—को अंतरराष्ट्रीय लेनदेन में अधिक स्वीकार्य बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रहा है। बदलते भू-राजनीतिक वातावरण, डॉलर-निर्भरता से जुड़ी अनिश्चितताओं तथा बहुध्रुवीय आर्थिक व्यवस्था के उभार ने यह अवसर प्रदान किया है कि भारत क्षेत्रीय और वैशिक व्यापार में रुपये के उपयोग को बढ़ाए। इसी संदर्भ में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरूआत और इसे अनेक देशों के साथ लागू करने की कोशिश रुपये को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत बनाने वाली निर्णायक पहल बनकर उभरी है। रुपये के प्रसार के पीछे कई प्रेरक कारण हैं। सबसे प्रमुख कारण अमेरिकी डॉलर पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना है, क्योंकि डॉलर आधारित भुगतान तंत्र अनेक बार राजनीतिक तनाव, प्रतिबंधों और वैशिक वित्तीय अस्थिरता के समय जोखिम पैदा करता है। रूसझ्यूक्रेन संघर्ष के बाद भारत ने अनुभव किया कि डॉलर आधारित तंत्र के कारण कई लेनदेन बाधित हो जाते हैं और व्यापार प्रभावित होता है। यदि व्यापार सीधे स्थानीय मुद्राओं में हो, तो भुगतान अधिक सुगम और सुरक्षित हो सकता है तथा विदेशी मुद्रा भंडार पर भी अनावश्यक दबाव नहीं पड़ता। साथ ही, कई देश अब अपने व्यापार में स्थानीय मुद्राओं के प्रयोग की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे डॉलर-केंद्रित व्यवस्था धीरे-धीरे परिवर्तित हो रही है। भारत भी इस परिवर्तनशील प्रवृत्ति का स्वाभाविक हिस्सा है। भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि और बढ़ते व्यापारिक संबंध भी रुपये-आधारित निपटान की आवश्यकता को बढ़ाते हैं। उदाहरण के लिए, भारतझ्रूस व्यापार पिछले दो दशकों में कई गुना बढ़ा है, परन्तु इस व्यापार में रुपये का उपयोग सीमित है। मुद्रा-आधारित विकल्प बढ़ने से न केवल व्यापार गति पकड़ता है बल्कि भारतीय निर्यातकों को विनिमय दर के उतारझ्चढ़ाव और हेजिंग लागत से भी राहत मिलती है। दीर्घकाल में वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य मुद्रा भारत की आर्थिक शक्ति और राजनीतिक प्रभाव का संकेत भी बनती है। भारत के 30 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था और 1 खरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य की दिशा में यह एक अनिवार्य कदम माना जा रहा है। हालाँकि, रुपये के वैश्वीकरण के मार्ग में कई चुनौतियाँ भी हैं। अनेक देशों को अभी भी डॉलर या अपनी स्थानीय मुद्रा अधिक स्थिर विकल्प लगती है। कुछ देशों को रुपये की विनिमय दर की स्थिरता पर भरोसा कम है। व्यापारिक साझेदारों के साथ मूल्य-वृद्धि आधारित वस्तुओं का आदानझ्प्रदान सीमित होने से भी रुपये के व्यापक प्रयोग की संभावना घटती है। भारतीय निर्यातकों में भी रुपये आधारित निपटान के प्रति जागरूकता कम है, जिसके कारण वे इस विकल्प का पूरा लाभ नहीं उठा पाते। अंतरराष्ट्रीय भुगतान और संदेश प्रणाली की सीमित परस्पर संपर्कता भी रुपये की स्वीकार्यता को धीमा करती है, क्योंकि अभी भी बड़ी संख्या में देश पारंपरिक वैश्वीकरण संदेश तंत्र पर निर्भर हैं। इन चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली रुपये को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में बड़ा बदलाव लेकर आई है। इस प्रणाली के अंतर्गत भारत अब संयुक्त रूप से सहमत देशों के साथ सीधे रुपये में व्यापार कर सकता है। संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, मॉरीशस और मालदीव के साथ हुए समझौते इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इससे न केवल दोनों देशों के बीच व्यापार सुगम होगा बल्कि बैंकिंग लागत और भुगतान समय में भी कमी आएगी। इसके अतिरिक्त भारतीय रिजर्व बैंक ने पड़ोसी देशों के बैंक एवं नागरिकों को रुपये में ऋण देने की अनुमति देकर नेपाल, भूटान और श्रीलंका जैसे देशों में रुपये के उपयोग को बढ़ावा दिया है। भारत ने अपने त्वरित भुगतान तंत्र को कई देशों से जोड़कर एक नई वित्तीय संपर्क व्यवस्था विकसित की है। संयुक्त अरब अमीरात के साथ त्वरित भुगतान तंत्र का जुड़ना छोटे व्यापारियों, पर्यटकों और प्रवासी भारतीयों के लिए तत्काल भुगतान को सरल बनाता है, जिससे रुपये की उपयोगिता और स्वीकार्यता दोनों बढ़ती हैं। इसके साथ ही भारत अपनी वित्तीय संदेश प्रणाली को भी साझेदार देशों की प्रणालियों से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहा है, जिससे परंपरागत वैश्विक संदेश तंत्र पर निर्भरता कम होगी।

यह व्यवस्था भुगतान प्रक्रिया को राजनीतिक तनावों से सुरक्षित रखेगी और रुपये की विश्वसनीयता बढ़ाएगी। समग्र रूप से रुपये का अंतरराष्ट्रीयकरण भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक और आर्थिक आकांक्षा का आधार है। स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली, डिजिटल भुगतान संपर्क, द्विपक्षीय वित्तीय संवाद और निर्यातकों की जागरूकता—ये सभी घटक मिलकर रुपये को वैश्विक व्यापार में अधिक उपयोगी और स्वीकृत मुद्रा बना सकते हैं। चुनौतियाँ अवश्य हैं, परंतु बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत के पास अवसर भी विशाल है। यदि भारत अपने व्यापारिक साझेदारों के साथ आपूर्ति श्रृंखला को गहरा करे, भुगतान तंत्र को सरल बनाए और रुपये की स्थिरता को मजबूत करे, तो आने वाले वर्षों में रुपये की वैश्विक भूमिका निश्चित रूप से विस्तार पाएगी।

# घनी आबादी के बीच स्मार्ट सिटी की कल्पना केवल परिकल्पना ना हो



संजीव ठाकुर

आज के युग में हमारे देश-देश के मध्यम कद के शहरों का पुनरूत्थान, उन्हें स्मार्ट सिटी की मनोनीत परिकल्पना के अनुरूप विकसित करने का विचार न सिर्फ दूरदर्शिता की निशानी है बल्कि तत्काल आवश्यकता भी बन चुका है। माना गया है कि ऐसे शहर जहाँ निवासियों की सभी सामान्य जरूरतें शुद्ध पानी-बिजली-धूल-प्रदूषण-मुक्त सड़कें-घर-संचार-इंटरनेट-सोशल मीडिया-प्रशासनिक सुविधाएँ-सुरक्षा-शिक्षा-मनोरंजन-यातायात-स्वास्थ्य तेज और सहज रूप में उपलब्ध हों, वहां के नागरिक जीवनशैली में सहजता, शांति और संतुलन महसूस कर सकें। ऐसी अवस्था जहाँ हर आम-व्यक्ति को गुणवत्ता-पूर्ण सुविधा कम सेवा मूल्य पर आसानी से मिल सके, वहाँ के जीवन-यापन के तरीके इतने सुलभ व संतुलित हों कि धूल-प्रदूषण-मुक्त सड़कें हों, पानी-बिजली सहज रूप से उपलब्ध हो, घर पहुँच घर-बैठे इंटरनेट-सोशल मीडिया-प्रशासनिक कार्य संपन्न हों। आम नागरिक, जो स्वतंत्रता-उपरांत जन-सुविधाओं के अभाव में अब तक जूझ रहे थे, उनके लिए इसका त्वरित निराकरण संचार-माध्यमों से संभव हो सके। इस प्रकार एक स्मार्ट-शहर की स्थापना केंद्र सरकार का लक्ष्य बन गया है।परंतु यह प्रश्न उठता है कि क्या हमारा भारत, अपनी विशाल जनसंख्या और मेट्रोपॉलिटन शहरों की घनी-संघन संरचना को देखते हुए, व मध्यम-कद-शहरों की संख्या को भी ध्यान में रखते हुए, वास्तव में इस स्मार्ट-सिटी की परिकल्पना को यथार्थ रूप दे सकता है? यदि सरकार व आम नागरिकों का संकल्प दृढ़ हो जाए, आपसी सहयोग व सामंजस्य बेहतर रूप से काम कर जाए, तो निःसंदेह भारत में स्मार्ट-सिटी की परिकल्पना यथार्थ रूप ले सकती है।

स्मार्ट-शहर के मानदंड स्पष्ट हो सकते हैं पर्याप्त बिजली-पानी-भोजन-घर आदि उपलब्ध हों; स्वास्थ्य-सुरक्षा-शिक्षा-मनोरंजन-यातायात की सुविधाएं सरलता से मिले; जीवन-आराम के संदर्भ में सभी आर्थिक गतिविधियाँ सुचारू रूप से चलें। ऐसी स्मार्ट-शहर यदि भारत में बन पाती है, तो निसंदेह वह देश के समग्र विकास को गति दे सकती है। लेकिन इसे मात्र दृढ़ संकल्प या नारेबाजी के आधार पर नहीं देखा जा सकता यहाँ सार्थक मेहनत, रणनीति-निर्माण, निष्पादन-प्रक्रिया और जनता-सहयोग की समान जरूरत है। वास्तव में देश के प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता-दिवस पर घोषणा की कि भारत में एक सैकड़ा से अधिक-शहरों को स्मार्ट-सिटी बनाने की पहल होगी, तथा इसके लिए लगभग नौ-हजार करोड़ रुपये बजट का प्रावधान भी किया गया। इसके अंतर्गत केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक मैनुअल जारी भी किया गया है। इस परियोजना को आने वाले वर्षों में मूर्त रूप देना है। योजना के अनुसार- 40 लाख से अधिक आबादी वाले 9 शहर, 10 लाख-40 लाख आबादी वाले 44 शहर, 5 लाख-10 लाख आबादी वाले 20 शहर, प्रत्येक राज्य एवं केंद्र-शासित प्रदेश की राजधानी-शहरों के अंतर्गत लगभग 37 शहर तथा पर्यटन/धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण लगभग 15 शहर सम्पूर्ण रूप से स्मार्ट-सिटी के प्रावधान में लाये जाने का प्रस्ताव है। प्रारंभ में केंद्र सरकार द्वारा इस दिशा में चयनित शहरों में शामिल हैं-इलाहाबाद (अब प्रयागराज), कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार, बोधगया, भोपाल, इंदौर, कोच्चि, जयपुर, अजमेर आदि। विदेशी राष्ट्रों ने भी इस पहल में रुचि दिखाई है-- जापान ने वाराणसी को स्मार्ट-सिटी के रूप में विकसित करने में शामिल होने का प्रस्ताव रखा है, दिल्ली को स्मार्ट-सिटी बनाने के लिए कतर देश के प्रिंस ने बड़ी निवेश-राशि का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, तथा चेन्नई-बैंगलोर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निकट ह्वलिटिल सिंगापुरह्व विकसित करने की चर्चा भी है। सरकार ने इस दिशा में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल को प्राथमिकता देने का निर्णय भी लिया है। परंतु स्मार्ट-सिटी बनने के मार्ग में अनेक चुनौतियाँ भी हैं। उदाहरणस्वरूप- भारत में इस प्रकार की परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कई फंसे हैं: आधुनिकीकरण-पूर्व आधारभूत संरचनाओं, पुरानी सड़क-नाली को स्मार्ट रूप देना कठिन है; वित्तीय संसाधनों की कमी और वित्तीय सततता की समस्या है।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न करायी गयी कृषि यंत्रों के बुकिंग की ई-लॉटरी प्रक्रिया

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्यों एवं कृषि यंत्र बुक करने वाले सम्बन्धित कृषकों के समक्ष विकास खण्डवार/कृषि यंत्रवार विभागीय पोर्टल के माध्यम से ई-लॉटरी सम्पन्न करायी गयी।

कृषि यंत्रों में कस्टम हायरिंग सेंटर, कल्टीवेटर एवं हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एम0बी0प्लाऊ पर अनुदान हेतु विभागीय पोर्टल पर इन कृषि यन्त्रों के लक्ष्य 10 के सापेक्ष कुल 210 कृषकों द्वारा बुकिंग की गयी, जिसके सापेक्ष 10 कृषकों का चयन ई-लाटरी के माध्यम से ऑनलाईन किया गया। विभागीय पोर्टल पर कृषि यंत्रों के लक्ष्य के सापेक्ष स्वतः ही 300 प्रतिशत तक प्रतीक्षा सूची भी तैयार हुई।

चयनित कृषकों में कल्टीवेटर हेतु तहसील स्वार की श्रीमती गुरमीत कौर, एमबीप्लाऊ के लिए मिलक के श्री वीर सिंह, कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए बिलासपुर के श्री विशाल दीप, मिलक के श्री भुवनेश कुमार, स्वार के श्री मदन सिंह, श्री मोहम्मद ईस्लाम, श्री प्रेमपाल, सैदनगर के श्री देशपाली सिंह, शाहबाद के श्री कुमरपाल सिंह एवं चमरौआ के श्री जुल्फिकार का चयन हुआ। उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि ई-लाटरी के माध्यम से यंत्र हेतु चयन होने के उपरान्त चयन का मैसेज चयनित कृषक के मोबाइल नम्बर तथा प्रतीक्षा सूची में अंकित कृषकों के मोबाइल नम्बर पर स्वतः पहुँचेगा। चयनित कृषक द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर कृषि यंत्र क्रय कर बिल विभागीय पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जाता है तो उसका आवेदन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा और उसकी टोकन धनराशि जब्त हो जायेगी तथा प्रतीक्षा सूची में अंकित कृषक का यंत्र हेतु क्रमशः स्वतः ही चयन हो जायेगा।

उन्होंने विभागीय पोर्टल पर ई-लाटरी के माध्यम से चयनित किसानों से अनुरोध किया है कि वह अपने मोबाईल पर प्राप्त मैसेज में दी गई समयावधि के अन्दर कृषि यंत्र को क्रय कर बिल अपलोड कर दें ताकि कृषक द्वारा क्रय किये गये यन्त्र के सत्यापन उपरान्त सही पाये जाने पर अनुदान भुगतान की कार्यवाही की जा सके।

जिला स्तरीय कार्यकारी समिति में सदस्य के रूप में उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अजहर अली खान, जिला गन्ना अधिकारी शलैश कुमार मौर्य, जिला अग्रणी प्रबन्धक शिवांग जोशी, प्रगतिशील कृषक सुरेन्द्रपाल सिंह, हसीन अहमद मौजूद रहे।

# लाल बहादुर सिंह महाविद्यालय के छात्र हिमांशु गुर्जर ने कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** लाल बहादुर सिंह स्मारक महाविद्यालय गोहावर के छात्र हिमांशु गुर्जर ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद में आयोजित इंटरकॉलिजिएट कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने 16 नवंबर को पुरुष वर्ग की कुश्ती में यह उपलब्धि हासिल की, जिससे महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र हिमांशु गुर्जर पुत्र सत्येंद्र सिंह निवासी ग्राम ग्राम जल्लोपुर पोस्ट बरतौला जनपद अमरोहा ने 60 किलोग्राम भार वर्ग में यह स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाविद्यालय पहुंचने पर हिमांशु का स्वागत किया गया। महाविद्यालय के अध्यक्ष कुंवर रविंद्र सिंह,सचिव डॉ. दीपा कुमारी, प्रबंध निदेशक इंजीनियर आलोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अर्नब सिंह, निदेशक डॉ. हरीश कुमार और प्राचार्य डॉ. महेश कुमार सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# 23 नवंबर को रामपुर आयेंगे मा. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**वेलकम इंडिया**



**रामपुर।** मा. उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य 23 नवंबर 2025 को जनपद भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मा. उपमुख्यमंत्री राजकीय हेलीकॉप्टर के माध्यम से पूर्वाह्न 11:50 बजे पुलिस लाइन पहुंचेंगे। इसके बाद वे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर अंबेडकर पार्क रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। करीब 01:15 बजे संत शिरोमणि रविदास सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। समीक्षा बैठक के उपरांत मा. उपमुख्यमंत्री जी जनपद की निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक एवं प्रेस वार्ता करेंगे।

# गागलहेडी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

- यातायात के नियमों का शक्ति के साथ पालन कराया जा रहा है।
- समय रहते उचित कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा सके।
- पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ यादव ने जानकारी देते हुए बताया यातायात के नियमों का शक्ति के साथ पालन कराया जा रहा है।





**सहारनपुर/गागलहेडी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के दिशा-निर्देशन में व सीओ सदर प्रिया यादव के नेतृत्व में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टिगत लूट/चोरी की घटनाओ पर लगाम लगाने के लिए उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड बॉर्डर पर स्थित गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी पर पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान चैकिंग अभियान में पुलिस ने दो पहिया वाहन, कार आदि की तलाशी ली गई तथा पुलिस ने वाहनों की चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने की सलाह दी। और कार चालकों को सीट बेल्ट लगाकर चलने को कहा गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी सौरभ यादव ने जानकारी देते हुए बताया यातायात के नियमों का शक्ति के साथ पालन कराया जा रहा है। चौकी प्रभारी सौरभ यादव ने कहा यदि कोई वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस का सहयोग करें आपके आसपास कोई भी ऐसी संदिग्ध घटना हो तो स्थानीय पुलिस को तुरंत सूचित करें ताकि समय रहते उचित कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

# गन्ने से भरा ट्रॉला कार से टकराया,कार हुई क्षतिग्रस्त



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर।** नजीबाबाद नगर के डबल फाटक फ्लाई ओवर ब्रिज से उतरते ही गन्ने से लदे ट्राले एक कार से टकरा गई जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई।

बताते चलें कि गन्ने से भरा ट्रॉला डबल फटक फ्लाईओवर से तहसील दिशा में उतरते हुए ढाल पर अनियंत्रित हो गया। इस दौरान साइड में रुकी कार ट्राले की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। भारत गैस एजेंसी के प्रबंधक गुरपाल सिंह का पुत्र सृजन सिंह कार चला रहा था। जिससे वह बाल-बाल बच गया। मौके पर पहुंचे सृजन के पिता गुरपाल सिंह, सचिन गुप्ता ने ट्रैक्टर चालक रविंद्र कुमार को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान हाईवे पर यातायात आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया और आगे की कार्यवाही जारी है।

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार,चालक घायल



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर किरतपुर ।नेशनल हाईवे पर एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई हादसे में कार चलाक गंभीर रूप से घायल हो गया ।घायल को लोगों ने सीएससी किरतपुर में पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया ।गुरुवार को करीब 3:30 बजे नेशनल हाईवे पर गांव शकरपुरी के पास एक कार अचानक अनियंत्रित खौ बैठी और सड़क किनारे पेड़ से जोरदार टक्कर हो गई ।हादसे में कार चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार रामा पेपर मिल के सामने से किरतपुर की ओर आ रही यह कार जैसे ही शकरपुरी के समीप पहुंची वैसे ही चालक का वहां पर नियंत्रत हट गया और कार पेड़ से जा टकराई दुर्घटना में शारीक 17 वर्ष पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला बागबान किरतपुर गंभीर रूप से घायल हो गया ।देखते ही देखते घटनास्थल पर राहगीरों की काफी भीड़ जमा हो गई ।स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर पहुंचाया जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन कर एस आई आर से संबंधित समस्याओं एवं शंकाओं का समाधान किया



**वेल्कम इंडिया महमूद रजा**

जनता बिजनौर 21 नवंबर, 2025:- अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक को आयोजन कर एस आई आर (रकफ) से संबंधित उनकी समस्याओं एवं शंकाओं का समाधान किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि प्रत्येक बूथ पर अपने बूथ लेवल अभिकताओं को अनिवार्य रूप से तैनात करें ताकि उनके स्तर से भी बूथ लेवल अधिकारियों को सहयोग प्राप्त हो सके और एसआईआर के काम में अपेक्षित प्रगति लाई जा सके। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस कार्य को योजनाबद्ध रूप से किया जा रहा है ताकि आयोग की समय सीमा के अंतर्गत संपूर्ण प्रक्रियाओं को पूरा किया जा सके। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सिंह द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ) कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए इस्लामपुर दास स्थित बूथ नंबर 181 का निरीक्षण किया गया और बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाताओं को यथासंभव सुविधा प्रदान करें और उनका सहयोग भी उपलब्ध कराएं ताकि सभी मतदाता अपने आवेदन पत्रों को भर कर जल्द से जल्द जमा कर सकें।

# भारत के निर्माण में नारी शक्ति की महत्त्वपूर्ण भूमिका : नीता अल्मिया

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़।** खोलिया विवेकानंद इंटर कालेज में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ करते हुए राआप्रावि पिंगलों की प्रधानाध्यापिका नीता अल्मिया ने कहा कि घर-परिवार, समाज व राष्ट्र की उन्नति में महिलाओं का अहम योगदान है। इस मौके पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

विद्या भारती की कुटुंब प्रबोधन योजना के अंतर्गत आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल, शैलेश मटियानी शैक्षिक पुरस्कार समेत अनेक पुरस्कारों से सम्मानित प्रधानाध्यापिका नीता अल्मिया ने कहा कि महिलाओं ने अपने कठिन परिश्रम से आज विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने सीता, द्रौपदी, गार्गी, गौतमी, कात्यायिनी आदि नारियों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत के निर्माण में नारी-शक्ति की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्य वक्ता वरिष्ठ आचार्या भावना रावत ने कहा कि महिलाओं ने अपनी प्रतिभा, कार्यकुशलता व शक्ति का परिचय देते हुए हर असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है। अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ प्रवक्ता प्रेमा भट्ट ने कहा कि आज नारी पुरुष के समान सक्षम है। वह अंतरिक्ष-यात्रा भी कर रही है और हिमालय की चोटी पर भी विजय प्राप्त कर रही है।

# धनघटा तहसील के बेलराई गांव के पंचायत भवन में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश मोहन लाल विश्वकर्मा के निर्देशन में ग्राम पंचायत भवन बेलराई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज देवेन्द्र नाथ गोस्वामी ने कहा कि गांव समाज मे ऐसे बुर्जुग जिनके संतान उन्हें घर से निष्कासित कर दिए हैं अथवा प्रताड़ित करते हैं वे बुजुर्ग अपने भरण पोषण के लिए न्यायालय अथवा संबंधित पीठासीन अधिकारी के समक्ष दावा दाखिल कर सकते हैं। पंचायत अंतर्गत गांव के नागरिकों की सहभागिता में गांववासियों को विधिक सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही अति दूरस्थ इलाकों में विधिक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के क्रम में लीगल एड क्लिनिक के स्थापना किए जाने के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डिप्टी चीफ संजीव पाण्डेय द्वारा बन्दीजन को प्राधिकरण अंतर्गत मुफ्त विधिक सेवा सहायता प्रदान करने हेतु जिला न्यायालय पर स्थापित लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय के बारे में भ्रूण हत्या तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित कानून एवं नालसा द्वारा जारी सेवाओं तथा टोलफ्री नंबर 15100 के लाभ के बारे में भी विस्तार से बताया। तहसीलदार धनघटा राम जी ने तहसील स्तर पर संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर तहसीलदार धनघटा राम जी, राजस्व निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, लेखपाल रवि सिंह, पीएलवी लल्लन यादव, ग्राम प्रधान बेलराई व अन्य जनमानस उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओ ने निकाली एकता पदयात्रा उमड़ा जनसैलाब : आकांक्षा चौहान

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** नूरपुर नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में नूरपुर नगर में 'एकता पदयात्रा' का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने तिरंगे के साथ नारे लगाते हुए लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदा किया। देखते देखते यह पदयात्रा एक विशाल पद यात्रा में बदल गई। एकता पदयात्रा की शुरूआत परफेक्ट कोचिंग सेंटर मुरादाबाद रोड नूरपुर से हुई। पदयात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा परफेक्ट कोचिंग सेंटर से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा का नगर मे जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पदयात्रा मे पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा ने संबोधन में कहा कि आजादी के बाद देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता के लिए दृढ़ता से फैसले लिए और सभी रियासतों को भारत में शामिल किया। उनके इस ऐतिहासिक कदम ने उन्हें 'लौह पुरुष' के रूप में प्रसिद्ध किया। उन्होंने सरदार पटेल के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कई अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, पूर्व राज्य मंत्री महावीर सिंह, कवीश राणा, पुष्पेंद्र शेखावत, जिला महामन्त्री नरेश भाटी, मंडल अध्यक्ष नूरपुर निशांत कर्णवाल, मंडल अध्यक्ष मोरना धर्मेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष गोहावर विनय चौहान मंडल अध्यक्ष सहसपुर खजान सिंह, मोरना मंडल उपाध्यक्ष कवि कुमार, महामन्त्री वीर प्रकाश भुईयार, मंडल मंत्री राहुल यादव, जुगनू चौधरी, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह भुईयार, क्रय विक्रय समिति उपाध्यक्ष विवेक चौधरी, चौधरी ईशम पाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष जीतू भुईयार, प्रदीप राणा, प्रेमपाल रवि, गजेंद्र सैनी, राजेश चौहान, प्रदीप वाल्मिकी, सुरेंद्र पाल, अनिकेत घाघट,अंकित जोशी, हरभजन सिंह डॉ शीला राणा, किरन चौहान, कमलेश प्रजापति, रेनू चौहान रेखा, रितु रानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष और प्रधानगण मौजूद रहे।

# अवैध पनीर फैक्ट्री पर खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, छापा मार किया भंडाफोड़

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जनपद के इटवा तहसील क्षेत्र के नागचौरी गांव में चल रही एक अवैध पनीर निर्माण फैक्ट्री पर गुरुवार को खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की। बस्ती मंडल के सहायक आयुक्त (खाद्य) की अगुवाई में बनी संयुक्त टीम ने छापेमारी कर मिलावटखोरी के संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ किया।

जांच टीम ने मौके पर स्वास्थ्य मानकों की गंभीर अनदेखी पाई। फैक्ट्री में बेहद गंदगी, अवैध सामग्री का अंबार और बिना मानक प्रक्रिया के पनीर बनता मिला। टीम ने पनीर, दूध, सोया मिल्क, सफॉलाइट, रानीपाल, स्किम्ड मिल्क पाउडर, रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल और सैकरिन सहित कुल 10 नमूने लेकर खाद्य प्रयोगशाला भेजे।

टीम ने मौके पर ही बड़ी मात्रा में मिलावटी उत्पाद 386 किलो मिलावटी पनीर, 178 लीटर मिलावटी दूध, 208 लीटर लिक्विड सोयाबीन नष्ट करवाए। वहीं 223 किलो स्किम्ड मिल्क पाउडर, 238 लीटर रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल सीज कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ये सभी सामग्री उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती थी।प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि यह इकाई बड़े पैमाने पर मिलावटी पनीर और दूध तैयार कर सप्लाई कर रही थी।लैब रिपोर्ट आने के बाद संचालकों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान कार्रवाई में सहायक आयुक्त (खाद्य) वीके पांडेय, सहायक आयुक्त आरएल यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्रेश प्रसाद, जय प्रकाश, हीरा लाल, रंजन कुमार श्रीवास्तव, नीरज कुमार चौधरी शामिल रहे। वहीं टीम ने कहा कि जनपद में मिलावटखोरों पर ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## राजस्व वादों में दखलंदाजी कर रही पुलिस

**मथुरा।** राजस्व वादों में उत्तर प्रदेश पुलिस की अनावश्यक दखलंदाजी पर भले ही सुप्रीम कोर्ट तल्ख टिप्पणी कर चुका हो लेकिन पुलिस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। मथुरा में जमीनों की बढ़ी कीमतें के चलते सरकारी मातहत भी गोरखधंधे में लग गये हैं। गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव अड़ींग निवासी किसान ने एसएसपी को इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया है। कप्तान ने राजस्व प्रकृति के वाद में पुलिस को दखलंदाजी न करने के निर्देश भी दिए हैं लेकिन पुलिस कभी गोवर्धन थाने तो कभी अड़ींग चौकी पर बुलाकर उसे हड़का रही है। किसान विष्णु ने 20 नवंबर को कप्तान को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मौजा अड़ींग स्थित खसरा संख्या 2462 के एक तिहाई अंश का वह मालिक व काबिज है। जमीन पर गेहूं की फसल खड़ी है। कुछ लोग फर्जी लिखा-पढ़ी की बिना पर बगैर दाखिल खारिज कराये कब्जा करना चाहते हैं।

# सिकरी बाजार में छह दिवसीय भव्य वार्षिक मेले का विधायक व सांसद ने फीता काटकर किया शुभारम्भ



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**लोटन/सिद्धार्थनगर।** लोटन ब्लॉक क्षेत्र के सिकरी बाजार में लगने वाले छह दिवसीय भव्य वार्षिक मेले का गुरुवार को सांसद जगदम्बिका पाल व सदर विधायक श्यामधनी राही ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा यह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय व्यापार, रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

इस अवसर पर सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि यह मेला न केवल हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करता है, बल्कि युवाओं में संस्कृति और परंपरा के प्रति सम्मान की भावना विकसित करता है। ये मेला एक ऐसा मंच हैं जो रोजगार के अवसर पैदा करता है, युवाओं को स्वावलंबी बनाता है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

इस अवसर पर लोटन ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह ने कहा कि यह मेला ऐतिहासिक है, जो की कई वर्ष पूर्व से लगातार लगते आ रहा है। और सांस्कृतिक विरासत को सम्भाल कर रखा है।मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र मौर्य उर्फ टाईगर ने बताया कि यह मेला छह दिनों तक संचालित होगा।

## सार संक्षेप

### सीओ ने खेसरहा थाने का किया निरीक्षण



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत कुमार राय ने शुक्रवार को खेसरहा थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पत्रावलियों की जांच करते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। सीओ ने निरीक्षण के दौरान तहसील दिवस, आगंतुक, थाना दिवस, जन शिकायत, एनटी रोमियो, पैदल गस्त, फ्लाई सीट, ऑर्डर बुक, पुलिस रजिस्टर आठ, गैंग, गुमशुदगी एवं अपराध सहित सभी अभिलेखों का निरीक्षण किया। थाने में आने वाले आगंतुकों के लिए बैठने व पानी पीने के सुविधा की जांच की। उन्होंने सर्व प्रथम मालखाना देखा। बेहतरीन सामानों को देखते हुए कहा कि थाने में प्रत्येक सामान की सूची बनाई जाए। क्षेत्र में होने वाली हर घटना पर पैनी नजर होनी चाहिए। पुलिसकर्मियों को नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि वह लोगों से अच्छा व्यवहार करें। अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए तत्पर रहें। चाहे वह कितना भी पहुंच वाला व्यक्ति हो। इस मौके पर थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा, एस आई व पुलिस कर्मी आदि मौजूद रहे।

### मदरसों की एटीएस द्वारा जांच होना बहुत जरूरी: संत समाज



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मदरसों की एटीएस से जांच करने के कदम को संत समाज द्वारा स्वागत योग्य कदम बताया है। श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी ने कहा है कि मदरसों में आतंकवादियों को छुपाया जाता है ,हथियारों को छुपाया जाता है, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है , मदरसों की जांच होना बहुत ही आवश्यक है। कुंज बिहारी पीठाधीस्वर इंदुलेखा ने कहा की मदरसों की जांच होना परम आवश्यक है, मदरसों में कट्टरवाद सिखाया जाता है। महामंडलेश्वर रामदास महाराज ने कहा कि मदरसों का निरीक्षण और परीक्षण करना बहुत जरूरी है। मधुसूदन दास महाराज ने कहा कि मदरसों में विदेशी फंडिंग होती है उस पर कार्रवाई होना बहुत जरूरी है।

## पति ने की हैवानियत की हदें पार:

# पत्नी के प्राइवेट पार्ट पर डंडे से मारकर पहुंचाई गहरी चोट, हालत गम्भीर

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**लोटन/सिद्धार्थनगर।** लोटन कोतवाली क्षेत्र में एक महिला से उसके पति ने हैवानियत की हदें पार कर दीं। लाठी-डंडा से बुरी तरह पिटाई कर पत्नी को अधमरा कर दिया। उसका चेहरा काला पड़ गया, एक हाथ तोड़ दिया। महिला के प्राइवेट पार्ट को भी डंडे से गहरी चोट पहुंचाई। वह बोल भी नहीं पा रही है। महिला को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। उसके भाई की तहरीर पर पति के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

महराजगंज जिले के कोल्हुई थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला की शादी सिद्धार्थनगर जिले के लोटन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। पति आए दिन मारने-पीटने के साथ उसे प्रताड़ित करता था। इससे तंग आकर वह मायके चली गई थी। 16 नवंबर को सुलह समझौते के बाद वह ससुराल आ गई।

आरोप है कि 17 नवंबर की रात पति ने उसकी लाठी-डंडों, जूतों से पिटाई की थप्पड़ बरसाए। चोट से उसका चेहरा काला पड़ गया। एक हाथ भी टूट गया। पति की प्रताड़ना का अंत यहीं नहीं हुआ। पीड़िता के भाई के अनुसार आरोपी ने उसकी बहन के प्राइवेट पार्ट को भी डंडे से चोट पहुंचाई। उसे लोटन सीएचसी ले जाया गया, जहां से जिले के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चोट की वजह से वह बेहोश है।

पुलिस अधिकारी एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 308 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच चल रही है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## मतदाताओं से अपील वोट बनवाने में बीएलओ का करें सहयोग

**रामघाट/बुलंदशहर।** एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया अभियान के अंतर्गत कुछ मतदाताओं को बीएलओ द्वारा कंफ्यूजन किया जा रहा है कुछ मतदाताओं को अभी तक फार्म उपलब्ध नहीं हुए हैं इस एसआईआर अभियान के अंतर्गत मृतकों का नाम तथा दो स्थानों पर मतदाताओं के नाम काटे जाएंगे और शादीशुदा लड़कियों के नाम शिफ्ट हो सकेंगे। आपको बता दें सरकार द्वारा एस आई आर मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं द्वारा घर घर जाकर फार्म वितरण किये जाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं जिन फार्मों को बीएलओ की मदद से मतदाता फॉर्म भरकर दे रहे हैं जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है तथा कुछ मतदाता दो स्थानों पर रह रहे हैं उनका एक स्थान पर ही मत रखने हेतु फार्मों में वेरीफाईब किया जा रहा है जिन लड़कियों की शादी हो चुकी है और मायके में मतदाता सूची में नाम अंकित है उनका फॉर्म में शिफ्ट वेरीफाईब किया जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे महिला का मिला शव, हत्या की जताई जा रही आशंका

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम बोकनार में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

गांव से कुछ दूरी पर नहर किनारे एक झोपड़ी में रहने वाली 25 वर्षीय हाजरा पत्नी कमरुद्दीन का शव शुक्रवार रात उसके घर में खून से लथपथ मिला। उसके सिर को कुचला गया था, जिससे यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

मृतका के पति कमरुद्दीन, जो पेशे से बिजली मिस्त्री हैं और शोहरतगढ़ में काम करते हैं, शुक्रवार सुबह रोज की तरह काम पर गए थे। रात करीब 10 बजे जब वे लौटे, तो उन्होंने अपनी पत्नी को झोपड़ी में मृत पाया और उसके सिर से खून बह रहा था।

घटना की जानकारी मिलते ही कमरुद्दीन की मां और गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर पुलिस भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और झोपड़ी की गहन तलाशी ली।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौत के हालात संदिग्ध हैं और सिर पर गहरी चोट मिलने से प्रथमदृष्टया हत्या की आशंका बन रही है। मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। \अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल, पुलिस आसपास के लोगों से बातचीत कर विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

# ब्रज की निराश्रित माताओं की सेवा ही साक्षात श्रीजी की सेवा: डॉ कृष्णा त्रिपाठी

**वेजकम इंडिया**



**मथुरा/बरसाना।** अंतर्राष्ट्रीय पटल पर श्री राधा तत्व का ज्ञानार्जन कराने वाले जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की लाडली बिटिया एवं रंगीली महल संस्था की अध्यक्षा डॉ कृष्णा त्रिपाठी ने कहा कि ब्रज की निराश्रित साध्वी एवं विधवा माताओं की सेवा ही साक्षात श्री लाडली जू की सेवा है।

शुक्रवार को संस्था की अध्यक्षा डॉ कृष्णा त्रिपाठी अपनी बड़ी बहन व जगद्गुरु कृपालु परिषद् की चेयरपर्सन डॉ श्यामा त्रिपाठी के साथ बरसाना क्षेत्र की दो हजार निराश्रित विधवा एवं साध्वी माताओं को दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएं प्रदान करते समय अपने उदगार व्यक्त कर रहीं थी।

उन्होंने कहा कि महाराज जी से मिले संस्कारों के कारण ही हमारी संस्था को ब्रज क्षेत्र के साथ अवध क्षेत्र में भी जरूरत मंद लोगों की विभिन्न प्रकार से सेवा करने का फल प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर जगद्गुरु कृपालु परिषद् रंगीली महल बरसाना के संस्था सचिव नितिन गुप्ता ने कहा कि विगत वर्षों से बरसाना व बरसाना क्षेत्र के ब्रजवासियों, निराश्रित माताओं, साधुओं एवं स्कूलों के निर्धन छात्र - छात्राओं की समय समय पर अनेक रूप में हृदय से सेवा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह सब जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की अद्भुत कृपा के चलते ही संभव हो रहा है। संस्था सचिव नितिन गुप्ता ने जानकारी दी कल (आज) बरसाना क्षेत्र के 42 स्कूलों के 6 हजार निर्धन छात्र - छात्राओं को गर्म जैकेट के साथ कम्बल, गर्म टोपी इत्यादि दिए जाएंगे।

# कथा प्रवक्ता और भजन गायिका मोहिनी दासी का अभिनंदन

**वेजकम इंडिया**




**मथुरा/वृंदावन।** आध्यात्मिक साधना, भजन गायन और कथा वाचन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु मोहिनी कृष्ण दासी को 23वें श्रीकृष्ण बाल मेले में सम्मानित किया गया। यह सम्मान 14 नवंबर को मेला स्थल जयपुर मंदिर में एक गरिमामय समारोह के दौरान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मोहिनी कृष्ण दासी के साथ पाँच अन्य हस्तियों को भी उनके-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें सीमा मोरवाल को लोक गायन के लिए, सुरेन्द्र उतरेजा को व्यापार क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए, सत्यवान शर्मा को समाज सेवा व पं. राम किशन को ज्योतिष शास्त्र, मंजू लता को ब्रज की कला और संस्कृति के संरक्षण हेतु भी सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि सम्मानित व्यक्तित्व मोहिनी दासी कथा वाचन, भजन व अध्यात्म के क्षेत्र में प्रेरणास्रोत हैं। मोहिनी उप्र संस्कृति विभाग से पंजीकृत भजन गायिका हैं। आपकी कई भागवत कथाएं, रामकथा व भरत चरित्र कथा वृंदावन, बलदेव, जयपुर, फिरोजाबाद के अलावा नेपाल में हो चुकी हैं। दूरदर्शन से श्री कृष्ण प्राकट्य कथा, आकाशवाणी से नवरात्र कथा व भरत चरित्र कथाओं का प्रसारण हुआ है। ब्रजरज उत्सव-2025 व द्वारिकाधीश मंदिर समेत आधा दर्जन स्थानों पर और सरकारी स्तर पर भजन संध्याएं हो चुकी हैं। मोहिनी कृष्ण दासी ने बताया कि यह सम्मान उनके लिए सेवा-पथ पर आगे बढ़ने का उत्साह है और वे ब्रज संस्कृति तथा श्रीकृष्ण भक्ति के प्रसार में सतत समर्पित रहेंगी। सम्मान समारोह में संत, कलाकार और अनेक गणमान्य की उपस्थित रहे।

# मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा की सौ महिला सफाई कर्मचारियों का समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने किया सम्मान

**वेलकम इंडिया /हरेन्द्र शर्मा**





**हापुड़।** जनपद के बादगढ़मुक्तेश्वर विधानसभा की महिला सफाई कर्मचारियों का समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने सम्मान किया

गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा पिछले 10 वर्षों से कार्य कर रहे समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने बताया 22 नवंबर को समाजवादी पार्टी के संस्थापक भारत के पूर्व रक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण से विभूषित श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी का जन्म दिवस है जन्मदिवस के अवसर पर गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के ब्रजघाट पर दिन-रात स्वच्छता रखने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है और उनकी हर परेशानी में साथ खड़े रहने का और सहयोग करने का वादा आशुतोष शर्मा ने किया है।गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में अपने कार्यों की वजह से हमेशा चर्चा में रहने वाले आशुतोष शर्मा गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा वासियों के लिए लगातार कुछ ना कुछ करते रहते हैं और जनता के बीच के नेता के रूप में उनकी पहचान है।आशुतोष शर्मा ने बताया गढ़मुक्तेश्वर में प्रत्येक वर्ष ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें लाखों लोग गंगा स्नान करते हैं यहां के सफाई कर्मचारी गंगा को स्वच्छ रखने का कार्य करते हैं बृजघाट के घाटों को स्वच्छ रखने का कार्य करते हैं सम्मान के असली हकदार सफाई योद्धा है हमारी टीम ऐसे सफाई योद्धाओं का सम्मान करती है और प्रत्येक परिस्थिति में उनके सहयोग में खड़ी रहेगी

पहले भी आशुतोष शर्मा के माध्यम से प्रत्येक सफाई कर्मचारी को सफाई के लिए आवश्यक उपकरण और उनकी जरूरत की चीज उपलब्ध कराई गई हैं सम्मान होने के बाद सफाई कर्मचारी में खुशी की लहर है और उम्मीद है आने वाले समय में समाजवादी सरकार आने पर उनके लिए और बेहतर कार्य किए जाएंगे

## दो बाइक सवार युवकों को डंपर ने कुचला मौके पर हुई दर्दनाक मौत

**बुलंदशहर।** तेज रफ्तार मिट्टी से भरे अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवकों की मारी टक्कर डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवकों की सड़क पर गिरकर कुचलने से मौके पर हुई मौत। जनपद हापुड़ के बक्सर के बताए जा रहे हैं दोनों मृतक युवक सतीश पुत्र श्याम लाल (33)और केशव पुत्र राकेश सैनी (28)मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा थाना बीबीनगर क्षेत्र के हिंगवाड़ा गंगा एक्सप्रेसवे का मामला।

## चौपाल में योजनाओं की दी गई जानकारी और सुनी समस्या

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** विकास खंड नौगढ़ के ग्राम पंचायत रामगढ़ में पंचायत भवन पर शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान ग्रामवासियों को ग्राम पंचायत में चल रही योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

ग्राम पंचायत सचिव अभिनव ओझा ने एसआईआर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के संबंध में जागरूक करते हुए उनके प्रश्नों और आशंकाओं का निदान किया गया। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा जो भी प्रपत्र मांगा जा रहा है उसे उपलब्ध कराएं। गणना प्रपत्र की सभी औपचारिकता पूर्ण कराकर उसका तत्काल आनलाइन फीडिंग भी कराएं। वरना मतदाता सूची से नाम कट जाएगा और वोट देने से वंचित भी जाएंगे।एसआईआर कार्य में लापरवाही मिलने पर बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रशासन को अवगत करा दिया जाएगा। इसके लिए निर्धारित समय पर प्रपत्र का फीडिंग करा दें। गांव में साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दें। पात्र लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। कोई भी पात्र व्यक्त पेंशन, राशन कार्ड व आवास की सुविधा से वंचित न रहने पाए। मनरेगा के तहत कच्चे काम में तेजी लाएं, जिससे ग्रामीणों को रोजगार मिल जाए।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान नसीम अहमद, तौहीद, रामधनी, रामसेवक, दयाराम, बरकत अली आदि मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रतिनिधिमंडल ने

# इफको अध्यक्ष दिलीप संघाणी से की मुलाकात नकली खाद व दवाइयों पर कार्रवाई की उठाई मांग

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का एक प्रतिनिधिमंडल आज जिला अध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में इफको के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप संघाणी से मिला प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें अवगत कराया कि आए दिन कुछ असामाजिक तत्व इफको के नाम पर नकली खाद व दवाइयों की बिक्री कर रहे हैं, जिससे न केवल इफको की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है बल्कि किसानों की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हापुड़ जिले में इफको के नाम पर नकली खाद व दवाइयों के हजारों रेपर बरामद किए गए हैं।

इस प्रकार की गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने और कठोर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही किसानों ने यह भी कहा कि इफको अपने उत्पादों की गुणवत्ता को और बेहतर बनाए, ताकि किसान निश्चिंत होकर अधिक से अधिक इफको के उत्पादों का उपयोग कर सकें।

प्रतिनिधिमंडल ने इफको से आग्रह किया कि उरफ के तहत किसानों के उत्थान के लिए बेहतर कार्य किए जाएं तथा किसानों के बच्चों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं।

उन्होंने कहा कि किसान इफको के उत्पादों का लगातार उपयोग करते हैं और भविष्य में भी इसका लाभ मिलता रहे, इसकी दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।इस दौरान कटार सिंह (जिला संरक्षक) और रवि भाटी (युवा प्रदेश सचिव) भी मौजूद रहे।

## खेत जा रहे युवक के साथ गाली,गलौज जान से मारने की धमकी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी एक युवक ने गांव कई कई लोगों पर रंजिश के चलते पीड़ित पर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर पीड़ित का पीछा करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है,पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी आशू पुत्र सुखबीर ने बताया कि गांव के कई लोग पीड़ित व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। पीड़ित व उसके चाचा के साथ आरोपियों ने कई महा पूर्व जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है की विगत वनस्पतिवार को बाइक पर सवार होकर अपने खेत पर जा रहा था। तभी कई लोगों ने पीड़ित को आता देख लिया और आते ही गाली गलौज करते हुए पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर उसके पीछे दौड़ पड़े।

# सीडीओ दिव्या मिश्रा का आदेश अनुपस्थितो का वेतन करो बाधित

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा विकास भव? स्थित समस्त कार्यालयों यथा-जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त श्रम/स्वतः रोजगार, जिला कार्यकम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता आरईडी, जिला दुग्ध विकास अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, सहायक आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता, जिला मुख्य पशु चिकित्साकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका के अवलोकन करने पर पिछड़ा वर्ग, कार्यक्रम विभाग, अल्पसंख्यक, लघु सिंचाई, समाज कल्याण अधिकारी (विकास) विभाग एवं पंचायतीराज के 01-01 अधिकारी/कर्मचारी तथा युवा कल्याण के 02, आर०ई०डी० विभाग के 04, पशुपालन विभाग के 02 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों का दिनांक 21.11.2025 का वेतन अग्रिम आदेशों तक के लिये बाधित करते हुये निर्देशित किया गया कि 03 दिवस के अन्दर अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध करायें। सन्तोषजनक/यथोचित कारण न होने की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल कार्यवाही की जायेगी। सीडीओ ने समस्त विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि स्वयं के साथ अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रत्येक कार्य दिवस में समय से उपस्थिति सुनिश्चित करायें तथा समय-समय पर उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर अनुपस्थित पाये जाने वाली अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुये अवगत करायें। कोई भी अधिकारी/कर्मचारी बिना किसी पूर्व अनुमति/अवकाश स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित न रहे।

# टप्पेबाजी व धोखाधड़ी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार, अवैध चाकू बरामद

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं धोखाधड़ी/टप्पेबाजी करने वाले गिरोहों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पिलखुवा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पिलखुवा पुलिस ने मुकदमा संख्या 662/25 धारा 318(4) बीएनएस का खुलासा करते हुए चार शातिर टप्पेबाजों को मुकीमपुर रोड से गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 9070 रुपये नकद, कागज की चार गड्डियाँ (ऊपर-नीचे असली नोट रखकर धोखा देने हेतु) तथा चार अवैध चाकू बरामद किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम मोहम्मद राजू पुत्र शकील आजाद, निवासी हरिजन कैंप झुग्गी, थाना जनता से टप्पेबाजी व धोखाधड़ी करने वाले चार शातिर गिरफ्तारमुकीमपुर रोड से पकड़े गए, नकदी, कागज की गड्डियाँ व अवैध चाकू बरामदमंडावली, पुरानी

दिल्लीआफाक पुत्र आबाद, निवासी मोहल्ला गुडेरियान, थाना लोनी, जनपद गाजियाबाद शहाबुद्दीन पुत्र समद अली, निवासी ग्राम असनगर, थाना कथैया, जिला मुजफ्फरपुर (बिहार), हाल पता हरिजन कैंप झुग्गी, मंडावली, पुरानी दिल्लीनितिन कश्यप पुत्र राजपाल कश्यप, निवासी ग्राम पूठ पुरसी, थाना मुरादनगर, जनपद गाजियाबादऐसे देते थे वारदात को अंजामअभियुक्त बैंक में पैसे जमा करने आने वाले भोले-भाले लोगों को निशाना बनाते थे।

वे पीड़ित को बातचीत में उलझाकर उसकी नकदी की असली गड्डी बदलकर कागज की गड्डी (ऊपर-नीचे असली नोट लगाकर) थमा देते थे और मौके से फरार हो जाते थे।

## तमंचे सहित युवक गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल



**कांधला।** पुलिस ने गश्त के दौरान तमंचा लेकर घूम रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। दूसरी और गंगेर रोड पर झगड़ा करें दो लोगों का चालान किया है। शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस टीम ने क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग पर एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया जब पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो आरोपी युवक भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए युवक को पकड़ लिया तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुलफाम निवासी मोहल्ला शेखजादगान बताया।

# स्कॉर्पियो और टेंपो की टक्कर टेंपो चालक सहित सवारी घायल









**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग गांव भभीसा में स्कॉर्पियो कार ने एक टेंपो में टक्कर मार दी टेंपो में सवार चालक और चार महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर जनपद के गांव पारसौली निवासी रवि पुत्र यशपाल अपने टेंपो में बुढ़ाना से सवारी भरकर कस्बे के लिए आ रहा था। टेंपो चालक जैसे ही थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में पहुंचा तो विपरीत दिशा से आई एक स्कार्पियो ने टेंपो में टक्कर मार दी। टेंपो सड़क पर पलट गया टेंपो में सवार पत्नी मोहम्मद अली निवासी मोहल्ला खेल, राबिया पत्नी मुरसै शांति नगर, कावया पत्नी इस्लाम, डीडावली मुजफ्फरनगर, व भूरा पुत्र हमीद निवासी ग्राम रथेड़ी मुज्जफर नगर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी।

पुलिसकर्मियों ने सभी घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। कार चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने स्कॉर्पियो कार व टेंपो को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महिला ने दबंग पर लगाया प्लांट मांगने का आरोप

**कांधला।** कस्बा निवासी महिला ने एक व्यक्ति पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने और उस से जबरदस्ती एक प्लांट मांगने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुक्रवार को कस्बा निवासी महिला फरजाना पत्नी निसार ने बताया कि वह दिल्ली में रहती है और उसकी जमीन कस्बे के मोहल्ला मौलानान में स्थित है। पीड़िता अपनी पुश्तैनी जमीन में प्लाटिंग कर रही है और चार दिवारी के लिए सीमेंट के पिलर भी लगा रखे हैं। पीड़िता का आरोप है कि कस्बा निवासी मेहताब पीड़िता के साथ आए दिन दुर्व्यवहार करते हुए परेशान करता रहता है आरोपी पीड़िता से जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती एक पलट की मांग कर रहा है। आरोपी ने उसकी जमीन से पिलर भी चोरी कर रखे हैं। पीड़ित महिला ने आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## सार संक्षेप

### अजब सिंह इंटर कॉलेज में पुलिस गोष्ठी, छात्र-छात्राओं को भी जानकारी



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** विकासखंड क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्थित अजब सिंह इंटर कॉलेज में पुलिस ने छात्राओं व छात्रों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को बढ़ते अपराधों से बचाव के तरीके बताए और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर दिया।गोष्ठी में उपनिरीक्षक सुभाष सिंह एवं देवेंद्र सिंह तेवतिया और महिला कांस्टेबल ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस का मकसद छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें हर स्थिति में सुरक्षित रहने के लिए सक्षम करना है।उन्होंन कहा कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं, जिनकी जानकारी सभी छात्राओं तक पहुंचना जरूरी है।मुख्यमंत्री द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर, 1090,181,112,1098 सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और इन नंबरों का सही समय पर उपयोग करने की अपील की।कार्यक्रम में पुलिस टीम ने सभी छात्रों से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करने और साइबर अपराधों से बचने की अपील की। इस दौरान इंटर कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।

### झगड़े का बीच बचाव करने गए व्यक्ति पर चाकू से हमला



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला खेल में अपने परिवार के साथ मारपीट कर रहे एक युवक ने बीच बचाव करने आए पड़ोसी व्यक्ति पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी अंसार ने बताया कि पड़ोस का युवक अपनी मां और भाई के साथ मारपीट कर रहा था। मारपीट के दौरान पड़ोस के लोग मौके पर जमा हो गए। और पीड़ित भी मौके पर पहुंचकर बीच बचाव करने लगा। आरोप है कि तभी आरोपी युवक ने पीड़ित पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित व्यक्ति ने शुक्रवार को थाने पर पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है।

## पिकअप गाड़ी चोरी के मामले में बरामद नहीं होने पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना से चार दिन पूर्व पिकअप गाड़ी चोरी के मामले में पुलिस द्वारा पिकअप गाड़ी बरामद नहीं करने पर पीड़ितों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर पिकअप गाड़ी बरामद करने की गुहार लगाई है।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी अमित पुत्र वीरसेन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर बताया कि पीड़ित ने विगत 17 नवंबर को अपनी पिकअप गाड़ी सड़क के किनारे खाली पड़े प्लाट में खड़ी कर रखी थी। रात्रि के समय चोरों ने मौका पाकर उसकी पिकअप गाड़ी चोरी कर ली चोरी की घटना पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था मगर अभी तक पीड़ित की पिकअप गाड़ी बरामद नहीं हुई।पीड़ित ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो में अपनी पिकअप गाड़ी की तलाश की तो उसकी पिकअप गाड़ी क्षेत्र के दिल्ली रोड एलम की और चोर गाड़ी को ले जाते हुए कैमरों में दिखाई पड़ रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस पिकअप गाड़ी तालाश करने में उनकी मदद नहीं कर रही है और ना ही कई दिन बीत जाने के बाद उनकी पिकअप गाड़ी पुलिस ने बरामद की है।

# गाजियाबाद में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी का भव्य स्वागत हुआ



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़/गाजियाबाद।** (शुक्रवार) को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के गाजियाबाद आगमन पर त्यागी एवं ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनका जोशीला स्वागत किया। समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन करते हुए कहा कि राकेश त्यागी के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा, उत्साह और मजबूती आई है।

अध्यक्ष पद संभालने के बाद से पार्टी के जनाधार में तेजी से वृद्धि देखने को मिली है।त्यागी एवं ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि राकेश त्यागी संगठन को नई दिशा देने और कार्यकताओं में उत्साह जगाने का महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन लगातार सशक्त हो रहा है और आने वाले समय में पार्टी को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने समाज द्वारा किए गए सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह संगठन को मजबूत करने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाज की आवाज को पूरे दमखम के साथ सड़क से लेकर हर मंच पर उठाया जाएगा।

कार्यक्रम में सुरेश त्यागी (पूर्व जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा गाजियाबाद), अजय त्यागी (पूर्व महानगर अध्यक्ष), संजय बहेड़ी (पूर्व जिला महामंत्री), नीरज त्यागी (पूर्व जिला कोषाध्यक्ष), राकेश त्यागी घसौली, श्रीकांत त्यागी, दुष्यंत त्यागी, दीपक त्यागी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दो अलग-अलग व्यक्तियों की हृदय गति रुकने से मौत, परिजनों में मातम

**कांधला।** नगर के मोहल्ला खेल निवासी 65 वर्षीय दिलशाद पुत्र शमशाद की अचानक सीने में तेज दर्द महसूस होने पर जमीन पर गिर पड़े। परिजनों ने उनकी हालत बिगड़ते देख चीख-पुकार मचा दी। परिजन आनन-फानन में उन्हें कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान दिलशाद को हार्ट अटैक आने की बात कहते हुए मृत घोषित कर दिया। दिलशाद के निधन की सूचना मिलते ही रिश्तेदारों और आसपास के लोगों की भीड़ घर पर जुट गई। पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।दुसरी और सरार्फा व्यापारी मोहल्ला रायजादगान निवासी अनिल उर्फ पप्पू की हृदय गति रुकने से तबीयत गंभीर हो गई। परिवार के लोग उन्हें तुरंत शामली स्थित एक निजी चिकित्सालय में लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

राजापुर तिराहे पर पुलिस का शिकंजा:

# चौकी प्रभारी संचित यादव ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान, एक दर्जन चालान

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** राजापुर तिराहे पर शुक्रवार देर शाम पुलिस ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बड़ा अभियान चलाया। चौकी प्रभारी संचित यादव ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभालते हुए सघन वाहन चेकिंग अभियान को अंजाम दिया। अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों की रोककर गहन जांच की। हेलमेट न पहनने, कागजात अधूरे होने, लापरवाही से वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने मौके पर ही लगभग एक दर्जन दुपहिया वाहनों के चालान काटे। चौकी प्रभारी संचित यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह अभियान समय-समय पर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिससे सड़क हादसों में कमी आए और यातायात व्यवस्था सुधरे। इस अभियान से स्थानीय लोगों में भी जागरूकता बढ़ी है। कई लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई को सराहनीय बताया और कहा कि ऐसे अभियान लगातार चलने चाहिए, ताकि लोग नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा कर सकें।

# हापुड़ में एसआईआर अभियान में तेजी, डीएम ने की प्रेसवार्ता

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जिले में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ) अभियान को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर अभियान की वर्तमान स्थिति व प्रगति की जानकारी साझा की।डीएम ने बताया कि जनपद में कुल 11 लाख से अधिक मतदाताओं के सापेक्ष अब तक करीब 1.25 लाख मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। इसके साथ ही 10 प्रतिशत से अधिक स्ट्रोक का डिजिटाइजेशन बीएलओ ऐप के माध्यम से किया गया है, जो अभियान की सुचारू प्रगति को दशार्ता है।

जिलाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि—यदि किसी मतदाता को गणना प्रपत्र प्राप्त हो गया है और उसने उसमें आवश्यक विवरण भर दिया है, तो वह तुरंत अपने बीएलओ को हस्ताक्षरित प्रपत्र जमा कर रिसीविंग अवश्य प्राप्त करें। समय से जमा किए गए प्रपत्रों को अंतरिम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संकलन कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया जाएगा। इस दौरान बीएलओ केवल प्रपत्र वितरित करने, संकलन करने और डिजिटाइज करने के लिए अधिकृत हैं।इस चरण में किसी भी तरह के दस्तावेज की सत्यापन प्रक्रिया नहीं होती, इसलिए मतदाताओं को किसी भी दस्तावेज की मांग पर ध्यान न देने की सलाह दी गई है।

डीएम पांडेय ने राजनीतिक दलों से भी आग्रह किया कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को सक्रिय करें। चुनाव आयोग ने प्रत्येक बीएलए को एक दिन में अधिकतम 50 फॉर्म एकत्र कर बीएलओ को जमा करने का अधिकार दिया है, जिससे अभियान की रफ्तार और तेज हो सके।अंत में जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों, कोटेदारों, स्थानीय प्रतिनिधियों व संभ्रांत नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के संयुक्त प्रयास से मतदाता सूची पुनरीक्षण का यह महत्वपूर्ण कार्य समय पर एवं सफलतापूर्वक पूरा होगा।

# वेतन, बोनस व महंगाई भत्ते के भुगतान को लेकर डीआईओएस से मिले शिक्षक



## विलंब से बिल प्रस्तुत करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई होगी : हरिश्चंद्र नाथ

**संतकबीरनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने कहा कि कुछ विद्यालय समय से वेतन, बोनस व डीए का बिल कार्यालय में प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण वेतन भुगतान में विलंब हो रहा है। ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करेंगे और समय से वेतन भुगतान सुनिश्चित कराएंगे।

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ से मिला। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों को वेतन, बोनस व महंगाई भत्ते का समय से भुगतान नहीं किया जा रहा है। छः माह से अधिक समय हो गया है एनपीएस अपडेट नहीं किया गया है। लंबित सामूहिक जीवन बीमा का भुगतान नहीं हो रहा है। जिससे शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। वार्ता के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया की 29 विद्यालयों का बोनस बिल कोषागार भेजा गया है, 5 स्कूल का बिल दफ्तर में अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। 34 के सापेक्ष मात्र 10 विद्यालयों का डीए बिल कार्यालय को प्राप्त है, शेष 24 विद्यालय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है जिनको नोटिस जारी की जा रही है। जिन विद्यालयों का बिल प्राप्त हो गया है उनका भुगतान कर दिया जाएगा।

एनपीएस एनपीएस के प्रकरण पर उन्होंने कहा के प्रकरण पर उन्होंने कहा कि दो सप्ताह के अंदर अक्टूबर 2025 तक का एनपीएस अपडेट हो जाएगा, कार्यालय इस पर काम कर रहा है। उन्होंने शिकायत किया कि विद्यालय समय से बिल प्रेषित नहीं करते हैं इसीलिए वेतन भुगतान में विलंब होता है। विद्यालय माह की 25 तारीख तक बिल कार्यालय में उपलब्ध कराएँ। हम समय से वेतन भुगतान करेंगे।

श्री द्विवेदी ने कहा कि हरिहरपुर इंटर कॉलेज के शिक्षक दीप्तिमान की 2018 में मृत्यु हुई थी किंतु उनके सामूहिक जीवन बीमा का अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। पीवी बालिका इंटर कॉलेज की प्रवक्ता लीला बरनवाल 2023 में सेवानिवृत हुई है किंतु उनके सामूहिक जीवन बीमा का अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष महेश राम, जिला मंत्री गिरिजानंद यादव, अब्दुल मुदस्सर खान, जय प्रकाश, विजय कुमार यादव, महेश्वर सिंह, मुकेश शुक्ला, कलीमुल्लाह, अकील, नदीम अहमद खान, धर्मेंद्र, अब्दुल हक, ताहिर, अभय शंकर, मोईज, काजी साकिब रहमान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## ठंड शुरू होते ही देहात व कस्बे में रेवडी व गजक की मांग बढी

**बुगरासी।** ठंड की शुरूआत होते ही देहात व कस्बे के दुकानदारों की दुकानों पर रौनक बढ गई है। कस्बे बुगरासी के बाजार में रेवडी गजक मूंगफली व तिल के लडडू की मांग को देखते हुए अपनी दुकानें सजा ली हैं।सुबह व शाम के समय देहात की दुकानों पर खासी भीड़ देखी जा सकती हैं। गांव बरहाना निवासी किराना की दुकान के मालिक बोबी त्यागी का कहना हैं कि सुबह को ठंड होने के कारण भीड कम रहती है लेकिन शाम को खासी भीड़ हो जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि गज्जक की बहक व स्वाद के कारण लोग खाने के लिये लालाईत रहते हैं। दुकानों पर सादी गज्जक मावे वाली गज्जक ट्राई फ्रूट चाकलेट तिल पट्टी और गुड वाली गज्जक की मांग बढ रही है। गज्जक 150 रुपए किलो से 480 रुपए किलो तक बिक रही हैं।शर्दी के मौसम में गुड व तिल के उत्पाद सेहत के लिए अच्छे माने जाते हैं।इसी लिए ग्राहक इन्हें अधिक खरीद रहे हैं।

# पुलिस ने नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक थाना आदमपुर के नेतृत्व में थाना आदमपुर पुलिस टीम द्वारा 20 नवम्बर 2025 को मु0अ0सं0- 174/ 2025 धारा-137(2),87 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत करते हुए सम्बंधित अभियुक्त विवेक शर्मा पुत्र विरेन्द्र शर्मा निवासी ए 15/18 भदऊ चुंगी थाना आदमपुर वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष को 20 नवम्बर 2025 को नमो घाट थाना क्षेत्र आदमपुर से गिरफ्तार किया गयो पुलिस के द्वारा एक पीड़िता/अपहता उम्र करीब 16 वर्ष बरामद किया गयो घटना के संबंध में पुलिस के द्वारा बताया गया की आवेदिका द्वारा 19 नवम्बर 2025 को विवेक शर्मा २/ङ्ग वीरेन्द्र शर्मा निवासी गंगानगर कालोनी थाना आदमपुर वाराणसी मेरी पोती उम्र लगभग 16 वर्ष को शादी का झांसा देकर भगा ले गया है के सम्बंध में थाना आदमपुर में लिखित प्रार्थना पत्र दिया गयो प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रभारी निरीक्षक आदमपुर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0-174/2025 धारा-137(2), 87 बीएनएस में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी व अपहता की बरामदगी हेतु टीम गठित किया गया थाना आदमपुर पुलिस टीम द्वारा सम्बंधित अभियुक्त विवेक शर्मा पुत्र विरेन्द्र शर्मा निवासी ए 15/18 भदऊ चुंगी थाना आदमपुर वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष को नमो घाट थाना क्षेत्र आदमपुर से गिरफ्तार किया गया ।

अभियुक्त विवेक शर्मा पुत्र विरेन्द्र शर्मा निवासी ए 15/18 भदऊ चुंगी थाना आदमपुर वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष से पुलिस के द्वारा पूछने पर बताया गया कि हम दोनों एक दूसरे से प्यार करते हैं तथा शादी करना चाहतें हैं मैं इसको साथ में लेकर 19 नवम्बर 2025 को शाम घर से निकला था हम दोनों यहाँ से बहुत दूर जाना चाहते थे रात में ट्रेन पकड़ने की तैयारी में थे समय व्यतीत करने के लिये नमों घाट पर घूम रहें थे तभी आप लोगों ने पकड़ लिया ।

## अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोड़ें: मण्डल अध्यक्ष



**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का सदस्यता अभियान 18 दिसंबर तक चलेगा। उक्त बातें मण्डल अध्यक्ष डॉ. बलराम त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि इस सम्बन्ध में मण्डल के तीनों जनपदों के जिलाध्यक्षों को निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक सदस्यता कराने वाले पदाधिकारियों को मंडल इकाई द्वारा कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने जिलाध्यक्षों से सदस्यता अभियान में जुट जाने को कहा है।

## अयोध्या में प्रधानमंत्री के आगमन व अयोध्या श्रीराम मन्दिर ध्वजारोहण समारोह के दृष्टिगत रुट डायवर्जन

**संत कबीर नगर।** जनपद अयोध्या में प्रधानमंत्री के आगमन व अयोध्या श्रीराम मन्दिर ध्वजारोहण समारोह के दृष्टिगत जनपद संतकबीरनगर से दिनांक 23.11.2025 को समय 22.00 बजे से दिनाँक 26.11.2025 को समय 22.00 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन एनएच 28 पर प्रतिबन्धित रहेगा ।

रुट डायवर्जन करते हुए यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार किया गया हैः-

1. जनपद गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनः
 ? दुर्गा मन्दिर मगहर (संतकबीरनगर) से घघसरा (गोरखपुर) बखिरा-नन्दौर (संतकबीरनगर) से बांसी ( सिद्धार्थनगर ) होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे ।
2. खलीलाबाद से लखनऊ जाने वाले वाहनः
 ? खलीलाबाद से मेंहदावल बाईपास से बखिरा से बांसी, जोगिया, उदयपुर, सनई चौराहा, चिल्हिया, सोहरतगढ़, ढेबरुआ, बढ़नी (जनपद सिद्धार्थनगर) से बलरामपुर, बहराईच होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे ।
3. भुंवरिया से पायलपार से नाथनगर से बिड़हरघाट से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से होकर अपने गंतव्य को जायेगें -
4. टेमारहमत से लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहनः-
 ? टेमारहमत से दुधारा से बांसी, जोगिया, उदयपुर, सनई चौराहा, चिल्हिया, सोहरतगढ़, ढेबरुआ, बढ़नी (जनपद सिद्धार्थनगर) से बलरामपुर, बहराईच होते हुए अपने गन्तव्य को जायेंगे ।

## विजया नगरम्‌ मार्केट में चला वृहद अतिक्रमण अभियान



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को पूर्वान्ह में विजया नगरम्‌मार्केट में वृहद अतिक्रमण अभियान चलाया गयो काफी दिनों से शिकायत प्राप्त हो रही थी कुछ दुकानदारों के द्वारा सड़क पर कब्जा कर अतिक्रमण किया गया है तथा ठेले खोमचे वालों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिससे आवागमन में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्राप्त शिकायत के आधार पर स्थ्लीय जॉच करायी गयी, जिससे अतिक्रमण की बात सही पायी गयी सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव अतिक्रमण टीम व प्रवर्तन दल के साथ आज अभियान की शुरूआत की गयी, जिसमें कई अवैध दुकानें जिनके द्वारा सड़क पर कब्जा किया गया था उसे तोड़कर साफ कराया गया। अभियान में लगभग पांच किलो प्रतिबन्धित प्लास्टिक को जप्त किया गया तथा अतिक्रमण करने वालों से 14900 रुपया जुमार्ना भी वसूला गया। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के द्वारा निर्देशित किया गया है कि पूरे शहर में नियमित रूप से अतिक्रमण अभियान चलाया जाय।

## खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को विधायक ने किया पुरस्कृत

**बुलंदशहर।** खुर्जा जंक्शन रोड स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय के कैंपस-2 में खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँच कर विधायक मीनाक्षी सिंह ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। विद्यालय की बालिकाओं को सी० एस० आर० फंड के माध्यम से नई साइकिलें भी उपलब्ध करायी।
इस अवसर पर अग्रसेन मंजीमल सोसायटी के अध्यक्ष सचिव व सभी पदाधिकारी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कांक्लेव 22 नवंबर को : डॉ बाला लखेन्द्र

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



डॉ बाला लखेन्द्र



डॉ रमेश कुमार पांडा

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के डेयरी साइंस और फूड टेक्नोलॉजी विभाग के प्रांगण में विर्गो फाउंडेशन के तत्वावधान में इंटरनेशनल कॉन्क्लेव ऑन पेटेंट इन्वेंटिव स्टेप्स का आयोजन 22 नवंबर को किया गया है कॉन्क्लेव के आयोजन सचिव पत्रकारिता और जन संप्रेषण विभाग के सह आचार्य डॉ बाला लखेन्द्र ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्क्लेव में भारतवर्ष के लगभग 125 विश्वविद्यालयों के लगभग 150 शिक्षाविद् हिस्सा ले रहे लेंगे और छह विदेशी विश्वविद्यालयों के शिक्षाविद् ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लेंगे अंतर्राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्रालय के मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु करेंगे उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता बाबा साहब अंबेडकर भीमराव बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश चंद्र राय करेंगे।

उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि के रूप में आईआईटी बीएचयू के प्रभारी निदेशक और फैकल्टी अफेयर्स के डीन प्रोफेसर एन के उपाध्याय,काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कला संकाय की प्रमुख प्रोफेसर सुषमा घिल्डियाल,काशी हिंदू विश्वविद्यालय आईपीआर सेल के समन्वयक प्रोफेसर बिरिंची कुमार शर्मा, आईपीआर सेल आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर प्रदीप पारीक और डेयरी साइंस एंड फूड टेक्नोलॉजी काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार दुआरी सभा को संबोधित करेंगे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विग्रो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ रमेश कुमार ने बताया कि इस इंटरनेशनल कॉन्क्लेव का उद्देश्य भारत और दुनिया भर के देशों में बौद्धिक परंपरा अधिकार बौद्धिक संपदा अधिकार के क्षेत्र में हो रहे अनुसंधानों से जुड़े शिक्षाविदों को एक प्लेटफार्म पर लाना और बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रति शिक्षाविदों और छात्र- छात्राओं के बीच जागरूकता पैदा करना है इस अवसर पर डॉ बाला लखेन्द्र द्वारा संपादित पुस्तक इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स इन्वेंटिव स्टेप्स शीर्षक पुस्तक का लोकार्पण भी किया जाएगा।

सैकड़ो की संख्या में देशभर से आए शिक्षाविद् काशी के सांस्कृतिक विरासत से अभिभूत,घाट वॉक,विश्वनाथ जी दर्शन और सारनाथ का भ्रमण कर रहे हैं इस दौरान काशी तमिल संगमम कार्यक्रम के बारे में एक विशिष्ट व्याख्यान काशी तमिल संगम के नोडल अधिकारी डॉ नीरज त्रिपाठी द्वारा प्रदान किया जाएगा

# सिद्ध पीठ कालिकन मंदिर एवं भैरव शनि महाराज के प्रांगण में भव्य भंडारा का आयोजन



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**प्रयागराज/वाराणसी।** प्रयागराज में थाना कोराव के अंतर्गत ग्राम सभा बड़ोखर में हर साल की भांति इस साल भी सिद्ध पीठ कालिकन मंदिर एवं भैरव शनि महाराज के प्रांगण में भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो के तादाद में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण किए जिसमें भारतीय जन क्रांति परिषद के काफी संख्या में पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी कन्हैया महाराज के कार्यों की व्याख्यान किया गयो सभी श्रद्धालुओ के द्वारा किया गया अनुरोध कि जल्द से जल्द स्वामी कन्हैया महाराज एवम राष्ट्रीय संयोजक अशुतोष चंद्र त्रिपाठी को यहां बुलाया जाए और सभी पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता से मिलकर उनकी समस्याओं को सुने और उनके निस्तारण के लिए कार्य भी करें।

# स्कूल में चार दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ




**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** अनूपशहर के बोफोर्स ग्रामर स्कूल में चार दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ । अनिल प्रथम आई पी एस,डी जी पी गुजरात पुलिस,आर टी डी राष्ट्रीय मुख्य आयुक्त के आदेशानुसार दीपक शर्मा जिला संगठन आयुक्त बुलंदशहर हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के निर्देशन मे आयोजित शिविर में कक्षा छ से आठ के करीब 130 छात्र छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर में ट्रैनर ने प्राथमिक उपचार,टैंट निर्माण,गांठ एवं बंधन, संकेतक, आपदा प्रबंधन, और फायर सत्र आदि सिखाया। शिविर समापन समारोह में प्रधानाचार्या ने कहा कि छात्रों को राष्ट्र प्रेम, एकता और अनुशासन आदि की भावना जागृत होती है शिविरों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

# पुलिस ने दहेज हत्या में पंजीकृत मुकदमें के दो नफर वांछित अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी ।** पुलिस आयुक्त कमिशनरेट वाराणसी के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व पुलिस उपायुक्त गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन एवं सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब गोमती जोन कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन व कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक सधुवन राम गौतम रोकथाम जुर्म जरायम व विभिन्न मुकदमों में वांछित वारंटियों/अभियुक्तो के गिरफ्तारी के मद्देनजर रखते हुए महिला उप निरीक्षक मेघा सोलंकी व कांस्टेबल असरफ तथा कांस्टेबल शीतला प्रसाद की पुलिस टीम बनाकर थाना हाजा रवाना होकर देखभाल क्षेत्र जाँच प्रा०पत्र चेकिंग संदिग्ध वाहन/ व्यक्ति, सक्रिय अपराधियो की चेकिंग,लूट एवं पुरस्कार घोषित व वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु तलाश पतारसी सुरागरसी के क्रम में मुखबीर खास की सूचना पर त्वरित व आवश्यक कार्यवाही करते हुये पंजीकृत मु0अ0सं0 175/2025 धारा 85/80(2)/131 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट के दो नफर वांछित अभियुक्तगण दहेज हत्या में पंजीकृत मुकदमे में मृतका/पीड़िता रीना राजभर की सास अभियुक्ता आरती देवी पत्नी राजेन्द्र राजभर उम्र करीब 45 वर्ष तथा मृतका के देवर अजीत राजभर पुत्र राजेन्द्र राजभर निवासीगण ग्राम सभा दिलावलपुर थाना कपसेठी कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष को 21 नवम्बर 2025 को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गयो दौराने गिरफ्तारी सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों निदेर्शों का अक्षरशः पालन किया गयो अभियुक्तगण उपरोक्त को कब्जा पुलिस में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

पुलिस के द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तगण आरती देवी व अजीत राजभर से घटना के संबंध में पूछताछ किया गया तो अपने जुर्म से इंकार करते हुये शेष अपनी सफाई जरिये अधिवक्ता न्यायालय देना बता रहे है।

अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली टीम में सध्वन राम गौतम प्रभारी निरीक्षक थाना कपसेठी,महिला उप निरीक्षक मेघा सोलंकी,कांस्टेबल शीतला प्रसाद व कांस्टेबल असरफ थाना कपसेठी कमिशनरेट वाराणसी पुलिस शामिल रहीं।

# साइबर सेल कमिश्नरेट वाराणसी एवं एचडीएफसी बैंक के रिटायर्ड वरिष्ठ नागरिक को डिजिटल अरेस्ट ठगी से बचाते हुए 39 लाख रुपये की बड़ी धनराशि बचाई गई

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त व अपर पुलिस आयुक्त अपराध के कुशल निर्देशन,पुलिस उपायुक्त अपराध व अपर पुलिस उपायुक्त साइबर अपराध के कुशल पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध के कुशल नेतृत्व में कमिश्नरेट वाराणसी की जनपदीय साइबर सेल टीम की सजगता व त्वरित कार्यवाही के माध्यम से रिटायर्ड वरिष्ठ नागरिक को डिजिटल अरेस्ट ठगी का शिकार होने से बचा लिया गयो दिनांक 7 नवंबर 2025 को कमिश्नरेट वाराणसी के साइबर सेल तथा एचडीएफसी बैंक की समयबद्ध एवं समन्वित कार्रवाई से एक रिटायर्ड वरिष्ठ नागरिक को डिजिटल अरेस्ट ठगी का शिकार होने से बचा लिया गया साथ ही 39 लाख रुपये की बड़ी धनराशि फ्रॉड में जाने से बचाया गया।

घटना के अनुसार एचडीएफसी बैंक की आर्य महिला कॉलेज की एक शाखा (जो कि पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित है) में एक सेवानिवृत्त केंद्रीय सरकारी संस्थान के उच्च पदाधिकारी (वरिष्ठ नागरिक) उपस्थित हुए उन्होंने अपने बचत खाते से 39 लाख रुपये एक अन्य बैंक खाते में भेजने हेतु आवेदन फॉर्म जमा कियो बैंक कर्मचारी ने देखा कि ग्राहक अत्यधिक घबराए हुए प्रतीत हो रहे हैं तथा यह पहली बार था जब वे इतनी बड़ी राशि स्थानांतरित कर रहे थे इस असामान्य व्यवहार और बड़ी राशि के कारण बैंक कर्मचारी को अनहोनी की आशंका हुई जब कर्मचारी ने राशि भेजने का कारण पूछा तो वरिष्ठ नागरिक संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके और लगातार विचलित दिखाई दिए।

ग्राहक की घबराहट को देखते हुए कर्मचारी को तुरंत अंदेशा हो गया कि संभवतः वे किसी साइबर ठगी के शिकार हो चुके हैं बहुत समझाने के बावजूद जब वरिष्ठ नागरिक राशि भेजने पर अड़े रहे,तब बैंक कर्मचारी ने सूझबूझ व जिम्मेदारी का परिचय देते हुए मामले की जानकारी अपने उच्चाधिकारियों के माध्यम से साइबर सेल कमिश्नरेट वाराणसी को दी।

सूचना प्राप्त होते ही साइबर सेल की टीम मौके पर सक्रिय हुई वरिष्ठ नागरिक को समझाने और वास्तविकता बताने के प्रयासों के बावजूद जब वे ठगों के दबाव में निर्णय बदलने को तैयार नहीं हुए तो एसीपी साइबर क्राइम विदुष सक्सेना को अवगत कराया गया जो कि उस समय वीवीआईपी ड्यूटी में थे तत्पश्चात एसीपी साइबर क्राइम द्वारा वीडियो कॉल के माध्यम से लगभग 45 मिनट तक वरिष्ठ नागरिक से बात की गई ।

# स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी द्वारा नई एसएफ स्ट्रीट स्कूल शाखा का शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा** :स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी ने शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य के साथ मंसा टीला, पाली खेरा स्थित मंदिर प्रांगण में एसएफ स्ट्रीट स्कूल की नई शाखा का शुभारंभ किया। उद्घाटन से पूर्व संस्था के स्वयंसेवकों ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और बच्चों के लिए सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण तैयार किया। संस्था के संस्थापक पीयूष बंसल ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा केवल अभाव के कारण शिक्षा से पीछे न रह जाए। एस एफ स्ट्रीट स्कूल हमारा सबसे बड़ा अभियान है, जिसके माध्यम से हम बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।ह्वअध्यक्ष श्रीमती शिखा बंसल ने कहा, हम शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सम्मान इन चार मूल सिद्धांतों पर कार्य करते हैं। हमारे सभी प्रोजेक्ट इन्हीं मूल्यों के आधार पर संचालित होते हैं, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति आत्मनिर्भर बनकर समाज में सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। संस्था की वरिष्ठ सदस्य अंकिता शर्मा ने कहा, इस नई शाखा से कई बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का नया अवसर मिलेगा। आगे भी ऐसी और शाखाएँ स्थापित की जाएँगी ताकि अधिक से अधिक बच्चे शिक्षा के दायरे में आ सकें। स्थानीय नागरिकों ने संस्था की इस पहल की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।।

## धोखाधड़ी से शादी करवाने वाले तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**खुर्जा/बुलंदशहर/** थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा उस्मानपुर बम्बे के पास से शादी के झांसे में लेकर धोखाधडी करके दुल्हन के माध्यम से घर से नकदी व जेवरात चोरी कराने वाले गैंग के 03 शातिर अपराधियों को चोरी के जेवरात, नकदी एवं कूटरचित आधारकार्ड सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज हैं। बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के चोर है जिनके द्वारा वादी अश्वनी प्रताप सिंह पुत्र स्व0 हरपाल सिंह निवासी चौरोली रोड थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के साथ धोखाधड़ी कर जेवरात व नकदी चोरी की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# बस सेवाओं का विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** विधानसभा क्षेत्र में जन-सुविधा को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। क्षेत्र में दो नई बस सेवाओं का शुभारंभ किया गया। पहली बस मुकरी से हापुड़ वाया मोदीनगर तथा दूसरी बस मोदीनगर से मैनपुरी वाया हापुड़ बुलंदशहर के लिए संचालित की गई है। इन दोनों बस सेवाओं का विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिससे क्षेत्रवासियों को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराएं: अहसन मियां

वेलकम इंडिया



**बरेली।** दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन और तहरीक तहफ्फुज ए सुन्नियत (टीटीएस) के आलमी सदर बदरूशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने वक्फ संपत्तियों- जैसे मस्जिदें, दरगाहें, खानकाह, कब्रिस्तान, मदरसों और मकतब- के सभी जिम्मेदारों से अपील की है कि वे अपनी संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द उम्मीद पोर्टल पर करा लें। उन्होंने कहा कि सरकार ने वक्फ संपत्तियों को पोर्टल पर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की है, इसलिए जिन मुतवल्लियों या जिम्मेदारों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, वे 5 दिसंबर 2025 तक इसे अनिवार्य रूप से पूरा करें। अहसन मियां ने कहा कि वक्फ संपत्तियां हमारे बुजुर्गों की अमानत हैं और उनकी हिफाजत तथा रखरखाव की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसलिए सभी लोग अपनी-अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समय पर रजिस्ट्रेशन कराएं। टीटीएस से जुड़े नासिर कुरैशी ने जानकारी दी कि यदि किसी मुतवल्ली को रजिस्ट्रेशन में किसी तरह की दिक्कत आती है तो वे टीटीएस के जिम्मेदारों-फैज मंसूरी (9897070701), इशरत नूरी (7906478223), आलेनबी (9927270800) या दरगाह परिसर स्थित टीटीएस कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।इसके साथ ही 23 नवंबर (इतवार) को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक दरगाह मुख्यालय पर उम्मीद पोर्टल सहायता कैंप लगाया जाएगा, जिसमें टीटीएस के वालंटियर्स वक्फ संपत्ति जिम्मेदारों की सहायता के लिए मौजूद रहेंगे।

## डीएम को घटतोली के विरोध में शिकायती पत्र सौंपा



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** चौधरी कुलदीप गुड्डू के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी बुलंदशहर को घटतोली के विरोध में शिकायती पत्र सौंपा। किसानों का आरोप है कि 20 नवंबर को वेव शुगर मिल के धमेड़ा क्रय केंद्र पर लगभग पौने दो कुंतल प्रति 40 कुंतल की घटतोली पकड़ी गई, जिसकी शिकायत जीएम वेव शुगर मिल व जिला गन्ना अधिकारी से की गई थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर किसानों ने योगेंद्र सिंह उर्फ मंटू चौधरी के नेतृत्व में सड़क जाम किया। किसानों ने कहा कि पूरे जनपद में ऐसी समस्याएँ बढ़ रही हैं और अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। कुलदीप गुड्डू ने चेतावनी दी कि गन्ना किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा, जिसकी जिम्मेदारी वेव शुगर मिल प्रबंधन और जिला गन्ना अधिकारी की होगी। जिलाधिकारी ने जांच कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर रोहित चौधरी सहित आदि किसान मौजूद रहे।

# आरकेजीआईटी में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का भव्य उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**गाज़ियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाज़ियाबाद में 21 नवम्बर को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एडवांसमेंट इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ए.ई.सी.ई.) की पंचम अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस 2025 का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। यह सम्मेलन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग तथा कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आशीष कुमार सिंह (एम एन एन आई टी, प्रयागराज) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. कुमार कृष्णन (पूर्व नासा वैज्ञानिक, यु.एस.ए.) ने दीप प्रज्वलित कर किया। दोनों ही विशिष्ट अतिथियों ने आधुनिक तकनीकी विकास, अनुसंधान एवं वैश्विक नवाचारों पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए।सम्मेलन के संयोजक डॉ. आर के यादव एवं डॉ. अमित सिंघल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा ए.ई.सी.ई. 2025 सम्मेलन की रूपरेखा एवं उद्देश्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राघवेंद्र कुमार चौधरी (आई आई टी कानपुर) रहे, जिन्होंने एम एम वेव टेक्नोलॉजी के विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की और इसके भविष्यगत उपयोग एवं शोध संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में डॉ. सुजय देव एवं डॉ.पास्टर जे. आर.( द यूनिवर्सिटी ऑफ बतानगास, फिलीपीन्स) ने ऑनलाइन माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया और अपने शोध व अनुभव प्रतिभागियों के साथ साझा किए। सम्मेलन में चयनित शोधझ्पत्रों का वाचन किया गया, जिन्हें कार्यक्रम उपरांत ए.ई.सी.ई. एक्स्प्लोर में प्रकाशित किया जाएगा। शोध एवं तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में यह आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ। संस्थान के वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल ने सभी कार्यक्रमों के संयोजकों एवं अन्य कार्यकताओं को कार्यक्रम की सफलता की बधाई दी। संकाय एवं शोधार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए संस्थान के एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा तथा कार्यकारी निदेशक डॉ. डी.के. चौहान ने वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटर क्षेत्र की नवीन तकनीकों व चुनौतियों पर शोध करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डीन ई.आई.आई. डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, डीन एक्रेडिटेशन डॉ. रामेन्द्र सिंह तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर श्री एच. जी. गर्ग उपस्थित रहे।

## तलाक के नाम पर 10 लाख और मकान की मांग, तनाव में आकर युवक ने दी जान



वेलकम इंडिया

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में घरेलू तनाव और लगातार मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मोहल्ला कानून गोयान निवासी नमन शर्मा के 27 वर्षीय बेटे अमन शर्मा ने गुरुवार को अपने घर में फांसी लगा ली।

पिता नमन शर्मा ने बताया कि करीब तीन साल पहले उनके घर में काजल पुत्री पुरनलाल, निवासी तिलहर कटरा किराए पर रहने आई थी। इसी दौरान उसने अमन को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उससे शादी कर ली। लेकिन शादी के मात्र पाँच दिन बाद ही वह घर छोड़कर चली गई। इसके बाद अमन ने दो साल पहले दूसरी शादी कर ली। इसी बीच काजल ने अमन पर केस कर दिया, जो इस समय कोर्ट में विचाराधीन है। परिजनों के अनुसार गुरुवार को काजल ने अमन से तलाक के बदले 10 लाख रुपये और अमन का मकान अपने नाम करने की मांग की। यह दबाव और लगातार कोर्ट-थाने के चक्कर से वह बेहद तनाव में आ गया था। परिजनों ने आरोप लगाया कि काजल और उसकी बहन संगठित तरीके से लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनसे पैसे ऐंठती हैं। अमन पर केस कराने के पीछे भी उसकी बहन का ही हाथ बताया गया है। परिवार का कहना है कि वह ऐसी करतूत कई लोगों के साथ कर चुकी है। परिजनों ने थाना प्रेमनगर में काजल और उसकी बहन के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। अमन एक पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करता था और परिवार का मुख्य सहारा था। उसकी मौत से मां-बाप व परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

**परिजनों ने पहली पत्नी व उसकी बहन पर लगाया शोषण का आरोप, पुलिस जांच में जुटी**

## ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम 22 नवंबर को

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय, मोदीनगर द्वारा विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम ₹आओ प्रभु के द्वार, पाओ खुशियों का उपहार₹ का आयोजन 22 नवंबर शनिवार को किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए योगेंद्र शर्मा ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज राजयोग भवन, आदर्शनगर, मोदीनगर गाज़ियाबाद मे शनिवार, 22 नवम्बर को सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें मुख्य वक्ताः राजयोगिनी बी. के. उर्मिला दीदी जी (संपादिका, ज्ञानामृत मासिक पत्रिका, माउंट आबू, राजस्थान) है। सांस्कृतिक कार्यक्रमः सुबह 10:00 से 10:30 बजे तक आयोजित होगा।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन

वेलकम इंडिया



**साहिबाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर इंद्रप्रस्थ कॉलेज व रोटरी क्लब गाजियाबाद नार्थ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर का उद्घाटन कॉलेज के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनित अग्रवाल, निदेशक प्रो.डॉ अनिल कुमार सोलंकी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. डॉ मीना?क्षी शर्मा, डीन एकेडमिक्स प्रो.डॉ अमित जैन तथा मीडिया हेड अजय चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।४रक्तदान शिविर में 81 यूनिट रक्त संचय किया गया। रक्तदान शिविर में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। लगभग 60 छात्रों ने पहली बार रक्तदान किया और उन्होंने बताया कि रक्तदान हमे करना चाहिए और रक्तदान करने से हम चार जिंदगी बचा सकते है और रक्तदान महादान होता है। निदेशक प्रो डॉ अनिल कुमार सोलंकी ने बताया कि लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरा कम हो जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर रोटरी क्लब गाज़ियाबाद नॉर्थ की ओर से अध्यक्ष रोटेरियन पुनीत अग्रवाल, सुरक्षा प्रभारी रोटेरियन रजत जिंदल,कोषाध्यक्ष रोटेरियन शिशिर अग्रवाल ने शिविर के सफल संचालन का दायित्व निभाया। इनके साथ विक्रांत सिंह (रक्तदान शिविर संयोजक), डॉ. ईशा गुप्ता, धीरेज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# थाना अगौता पर जन सुनवाई काउंटर की स्थापना की गई

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में एक जन सुनवाई काउंटर की स्थापना की गई है जिसमें सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक एक उपनिरीक्षक एक हेड कॉन्स्टेबल व एक महिला कॉन्स्टेबल की ड्यूटी रहेगी यह तीनों पुलिसकर्मी जनता की शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनेंगे और उसका निस्तारण भी समयवंद्य तरीके से करेंगे तथा शिकायतकर्ता की शिकायत दर्ज करने के बाद उसे एक पर्ची दी जाएगी तथा प्रत्येक शिकायतकर्ता की शिकायत को जन सुनवाई रजिस्टर/ आगुन्तक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा तथा शिकायत का समय बध्द तरीके से निस्तारण किया जाएगा अगौता प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान ने बताया कि जनसुनवाई काउंटर बनने से किसी भी फरियादी को इंतजार करना नहीं पड़ेगा क्योंकि जिन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगी वह उस समय जनसुनवाई काउंटर पर मौजूद रहेंगे और जनता की समस्याओं को सुनेंगे और उनका निस्तारण कराएंगे प्रभारी निरीक्षक ने जनता से अपील की है कि नवंबर यातायात माह के अंतर्गत मोटर साइकिल चलने वाले लोग हमेशा हेल्मेट लगाकर चलें जिससे किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके तथा पुलिस के वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें अगर किसी भी गाँव या क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति शराब गाँजा सट्टा अवैध खनन आदि का कारोबार करता है तो उसकी सूचना तुरंत अगौता प्रभारी निरीक्षक को उनके मोबाइल नंबर 9454403150 पर दे सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा अगर कोई भी शराबी या शरारती तत्व बिना वजह किसी को परेशान करता है तो उसकी सूचना तुरंत डायल 112 या अगौता पुलिस को दे ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी अगौता पुलिस सदैव जनता की सेवा में तत्पर रहेगी।

## कांग्रेस नेता गांव गांव जाकर वोट बनवाने को लेकर कर रहे जागरूकः ज्ञानेंद्र राघव

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर अनूपशहर के एस आई आर कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव प्रज्ञा गौड़ ने बीएलओ 2 बनाते हुए मतदाताओं से बिना डरे अपने फार्म कांग्रेस नेताओं के साथ भरवा कर भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग की वोट काटने की साजिश को नाकाम करने का किया आह्वान। शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर पर एस आई आर कोऑर्डिनेटर बनाए गए ज्ञानेंद्र सिंह राघव व प्रज्ञा गौड़ ने विधानसभा प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सलाम खान वरिष्ठ नेता बबलू कुरैशी ब्लॉक अध्यक्ष अनूपशहर लक्ष्मी नारायण शर्मा के साथ गांव शेरपुर के बूथ संख्या 434 435 पर बीएलओ 2 की नियुक्ति कर तथा गांव रुड के बूथ संख्या 437 पर बीएलओ 2 की नियुक्ति कर बीएलओ 2 नियुक्त कर तथा संबंधित गांव में बैठक कर लोगों को एस आई आर के संबंध में जागरूक करते हुए अपने सामने ही बांटे गए फॉर्म को भरवाने तथा कांग्रेस नेताओं से प्रत्येक मंडल में बूथ पर उपस्थित रहकर प्रत्येक योग्य मतदाता के साथ-साथ अल्पसंख्यक दलित अपर कास्ट बैकवर्ड क्लास सहित सभी योग्य मतदाताओं का फॉर्म भरवा कर वोट को बचाने तथा राहुल गांधी द्वारा नेता प्रतिपक्ष द्वारा लड़ी जा रही लड़ाई को बूथ स्तर पर मजबूती से लड़कर भाजपा के इशारे पर चुनाव आयोग द्वारा संविधान में दिए गए वोट के अधिकार से मतदाताओं को वंचित करने के इरादे को नाकाम करने का आह्वान किया बैठक में बी एल ओ 2 के गठन के समय मनवीर सिंह मोइनुद्दीन खान मोहम्मद खान अंकित राघव महाराज सिंह नाजिम जैद खान ग्राम प्रधान मानक राम के साथ आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में शहर की सुगमता और सौन्दर्यीकरण पर रणनीतिक बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनपद में शहरी सौन्दर्यीकरण और सुगम यातायात प्रबंधन को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में हुई, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी नगर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उपजिलाधिकारी, जीडीए, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, जल निगम, एनएचएआई, विद्युत विभाग, पुलिस, यातायात पुलिस, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका और नगर पंचायत सहित सभी संबंधित विभागों के प्रमुख उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने बैठक में सभी विभागों को निर्देशित किया कि जनपद के मुख्य चौराहों और मार्गों का सौन्दर्यीकरण, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, ग्रीन बेल्ट की देखभाल और यातायात प्रबंधन के कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ संपन्न किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों पर यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए अतिक्रमण हटाने और यातायात बाधक अवरोधकों की पहचान करना आवश्यक है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़कें तत्काल दुरुस्त की जाएँ और गड्ढामुक्त अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने ग्रीन बेल्ट और सड़क किनारे पौधारोपण, वृक्षों की छंटाई और सफाई व्यवस्था को नियमित बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। यातायात पुलिस और संबंधित अधिकारियों को स्कूल, अस्पताल और भीड़भाड़ वाले संवेदनशील क्षेत्रों में ट्रैफिक की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि वैकल्पिक मार्गों की योजना बनाना और जनता में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु अभियान चलाना आवश्यक है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को यह निर्देश भी दिया कि शहरी सौन्दर्यीकरण और यातायात प्रबंधन के लिए तैयार किए जाने वाले मास्टर प्लान को शीघ्र प्रस्तुत किया जाए, ताकि जल्द से जल्द जनपद को मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आदर्श और व्यवस्थित स्वरूप में विकसित किया जा सके। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विभाग अपने स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के लिए समयसीमा निर्धारित करेगा, ताकि कार्यों में विलंब न हो और जनपदवासियों को बेहतर और सुगम वातावरण उपलब्ध हो। इसके अलावा, विभागों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि वे लगातार रिपोर्टिंग प्रणाली के माध्यम से कार्य की प्रगति की जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इस पहल के तहत गाजियाबाद में सड़कें सुचारू और सुरक्षित होंगी, ट्रैफिक जाम कम होंगे और शहर में हर क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण सुनिश्चित होगा। साथ ही, इस योजना के कार्यान्वयन से नागरिक सुविधाओं में सुधार, ग्रीन बेल्ट की स्थिति में सुधार और शहर की समग्र छवि को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी ने बैठक के अंत में सभी विभागों को चेतावनी दी कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# वायु गुणवत्ता बिगड़ने पर सख्त हुई प्रशासनिक कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** बढ़ते वायु प्रदूषण और खराब होती हवा की गुणवत्ता को देखते हुए जनपद जिले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सौरभ भट्ट ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लागू तीसरे चरण के प्रदूषण नियंत्रण प्रावधानों के अनुपालन में जनपद के सभी ईंट-भट्टों को अगले आदेश तक बंद किया जा रहा है। इस संबंध में शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में क्षेत्र की वायु गुणवत्ता में लगातार गिरावट को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि जब तक वायु गुणवत्ता मानक सामान्य नहीं होते, तब तक जनपद में संचालित सभी ईंट-भट्टों का संचालन पूर्णतः रोक दिया जाए। अधिकारियों का कहना है कि प्रदूषण के गंभीर स्तर पर पहुँचने के कारण यह कदम अत्यंत आवश्यक हो गया है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा कि जनपद के सभी ईंट-भट्ठा स्वामी अपने-अपने भट्टों का संचालन तुरंत प्रभाव से बंद करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा कार्रवाई तय है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेशों का उल्लंघन करते हुए यदि कोई ईंट-भट्ठा संचालित पाया जाता है, तो संबंधित भट्टों स्वामी पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में भारी आर्थिक दंड लगाया जाएगा। इसके साथ ही इस दंडात्मक कार्यवाही के लिए ईंट-भट्ठा स्वामी स्वयं उत्तरदायी होंगे। प्रशासन का यह निर्णय वायु प्रदूषण के खिलाफ चल रही मुहिम को और मजबूती देता है। आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए जिले में और भी कदम उठाए जा सकते हैं। जनपद प्रशासन ने ईंट-भट्ठा स्वामियों से अपील की है कि वे जनता के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आदेशों का पूर्णतः पालन करें।

# यशोदा मेडिसिटी और आईएमए ईस्ट दिल्ली का संयुक्त प्रयास

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कैंसर उपचार के बदलते स्वरूप, आधुनिक तकनीकी प्रगति और समन्वित चिकित्सा पद्धति के महत्व को रेखांकित करने के लिए यशोदा मेडिसिटी ने शुक्रवार को आईएमए ईस्ट दिल्ली शाखा के सहयोग से एक महत्वपूर्ण सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) सत्र का आयोजन किया। यह सत्र बहुविषयी कैंसर प्रबंधन की अवधारणा पर आधारित था, जिसमें विभिन्न चिकित्सा शाखाओं के विशेषज्ञों ने एकजुट होकर रोगियों को प्रदान की जाने वाली समग्र एवं सम्पूर्ण देखभाल पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की शुरूआत यशोदा मेडिसिटी के वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में हुई। मंच पर विकिरण कैंसर चिकित्सा, औषधीय कैंसर चिकित्सा, स्त्री कैंसर रोग, कृत्रिम बुद्धि आधारित रोबोटिक शल्य-चिकित्सा, मूत्र मार्ग कैंसर विज्ञान तथा सामान्य शल्य कैंसर चिकित्सा विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। विशेषज्ञों ने बताया कि आज कैंसर उपचार केवल एक विभाग का कार्य नहीं रहा, बल्कि सफल इलाज के लिए अलग-अलग चिकित्सकीय शाखाओं के संयुक्त प्रयास बेहद आवश्यक हैं। उनका कहना था कि रोगी-केंद्रित उपचार योजना तभी सफल हो सकती है जब निदान से लेकर उपचार और पुनर्वास तक सभी चरणों में टीम आधारित दृष्टिकोण अपनाया जाए। इस दौरान विशेषज्ञों ने आधुनिक कैंसर उपचार विधियों, सटीक निदान, उन्नत तकनीक, बेहतर परिणाम देने वाली चिकित्सा प्रक्रियाओं और क्लिनिकल प्रगति पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि कैंसर रोगियों के लिए बेहतर परिणाम तभी संभव हैं जब निर्णय लेने की प्रक्रिया में चिकित्सा विभागों के बीच मजबूत समन्वय हो, और हर रोगी की स्थिति के अनुसार व्यक्तिगत उपचार मार्ग तैयार किया जाए।

सीएमई सत्र के दौरान यशोदा इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर की क्षमताओं का भी विस्तार से परिचय दिया गया। यह संस्थान पूर्णतः एकीकृत कैंसर देखभाल केंद्र है, जहाँ निवारक, प्रारंभिक जांच, औषधीय उपचार, शल्य चिकित्सा तथा विकिरण चिकित्सा-सभी सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं।

# वायु प्रदूषण पर गाजियाबाद प्रशासन का बड़ा कदम, शहर सुधार की पांच प्रमुख योजनाओं पर बनी रणनीति

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर की बिगड़ती वायु गुणवत्ता को काबू में लाने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक लगातार सख्त और ठोस कदम उठा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने आवास विकास तथा नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाकर शहर हित में महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन किया। बैठक में नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सिर्फ नगर निगम ही नहीं, बल्कि अन्य सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने आवास विकास टीम से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शहर के हर क्षेत्र में प्रदूषण रोकथाम अभियान को एक समान गति से लागू किया जाए। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम प्रतिदिन 24 घंटे वायु गुणवत्ता सुधार के लिए काम कर रहा है। लेकिन शहर के कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्र नगर निगम सीमा से बाहर आते हैं, जहाँ वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर है। इसी वजह से इन क्षेत्रों में भी अभियान चलाने हेतु आवास विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। बैठक में सिद्धार्थ विहार, सिकंदरपुर और अन्य आवास विकास क्षेत्रों में वॉटर स्प्रिंकलर, धूल नियंत्रण, एंटी स्मोक गन के नियमित संचालन की कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में आवास विकास विभाग से उप आवास आयुक्त मेरठ जोन अनिल कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता विकास गौतम, हवलदार राम, निखिल महेश्वरी, और नगर निगम से अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी, जलकल विभाग से आश कुमार तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने बैठक में शहर हित से जुड़े पाँच महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत रूप से विचार-विमर्श किया और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सिद्धार्थ विहार से निकलने वाले कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। साथ ही अजंता पुरम, सिकंदरपुर एवं आसपास के आवास विकास क्षेत्रों की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने और निर्माण एवं ध्वस्तीकरण (सी एंड डी) कचरे से मुक्त कराने पर भी सहमति बनी। अवास विकास क्षेत्र में एमआरएफ केंद्र (सूखा कचरा प्रसंस्करण केंद्र) तथा कचरा स्थानांतरण केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव को नगर आयुक्त ने प्राथमिकता देने को कहा।

# एलएलबी छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र की वृंदावन गार्डन कॉलोनी में मंगलवार को एक एलएलबी फोर्थ ईयर के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय दक्ष प्रजापति के रूप में हुई है, जो लॉ की पढ़ाई कर रहा था।

घटना की सूचना पर पहुंची साहिबाबाद पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की तह तक पहुँचने के लिए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दक्ष प्रजापति परिवार के साथ वृंदावन गार्डन में रहता था। मंगलवार को वह अपने कमरे में मृत अवस्था में पाया गया। परिजनों ने जब उसे ढूंढते हुए कमरे में झांका तो अंदर उसका शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिजन बदहवास हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने तक घर का माहौल पूरी तरह शोक और अफरा-तफरी में डूब चुका था। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच के बाद छात्र का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। इस संबंध में एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मृतक दक्ष प्रजापति मेवाड़ कॉलेज से कानून की पढ़ाई कर रहा था। उन्होंने कहा कि शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला है, लेकिन यह मामला आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण—इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। एसीपी ने कहा कि पुलिस हर संभावित पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि छात्र की निजी जिंदगी, मानसिक स्थिति, मोबाइल रिकॉर्ड, मित्रों से संबंध और घटनाक्रम के अन्य पहलुओं को गंभीरता से जांचा जा रहा है।

# क्राइम ब्रांच के एक इंस्पेक्टर को चार लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था स्थापित करने के लिए पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ किस हद तक गंभीर हैं, इसकी मिसाल गुरुवार देर रात उस समय देखने को मिली जब क्राइम ब्रांच के एक इंस्पेक्टर को चार लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के सख्त निर्देशों पर डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के नेतृत्व में एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय की टीम ने की, जिसने बेखौफ तरीके से विभाग के भीतर ही भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा कदम उठाया। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में बीते कुछ समय से डीसीपी सिटी धवल जायसवाल की कार्यशैली सुर्खियों में बनी हुई है। उनका यह मानना है कि अगर आम नागरिक में पुलिस के प्रति भरोसा कायम रखना है तो विभाग के अंदर से भ्रष्टाचार और गलत काम करने वालों को कठोर कार्रवाई का सामना कराना ही होगा। नगर जोन में उनकी सख्ती केवल अपराधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस विभाग में बैठे हर उस व्यक्ति तक भी पहुंचती है जो नियमों के विपरीत कार्य करता है।

# लोनी में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने ढाई करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ किया

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** लोनी क्षेत्र में विकास कार्यों की एक महत्वपूर्ण शुरूआत शुक्रवार को विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा डीएलएफ अंकुर विहार में की गई। इस अवसर पर विधायक ने करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से क्षेत्र में किए जाने वाले बुनियादी ढांचे के सुधार और निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। विकास कार्यों में मुख्य एमएम रोड पर जल निकासी के लिए नए नाले का निर्माण शामिल है, ताकि बरसात के मौसम में जलजमाव और जलभराव की समस्या दूर की जा सके। इसके अलावा, सड़क का चौड़ीकरण कर यातायात सुगमता सुनिश्चित करने के साथ-साथ दोनों तरफ इंटरलॉकिंग बिछाने का कार्य भी किया जाएगा, जिससे मार्ग सुगम और सुरक्षित बने। स्थानीय लोगों ने विधायक से अनुरोध किया कि क्षेत्र में सीवर लाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत भी की जाए। इस पर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी क्षेत्र में बिजली, सड़क, चिकित्सा, कानून व्यवस्था और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीवर कार्यों के कारण यदि किसी मार्ग को क्षति पहुंची है तो उसका पुनर्निर्माण जल्द कराया जाएगा।

# मकान दिलाने के नाम पर हेरा-फेरी, 13.10 लाख रुपये हड़पने का मामला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला के साथ मकान दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने आरोप लगाया कि प्रॉपर्टी डीलर और मकान मालिक ने मिलकर उसे 13.10 लाख रुपये हड़प लिए। आरोप है कि एग्रीमेंट के बाद भी मकान की रजिस्ट्री नहीं करवाई गई और तय कीमत के अलावा 25 लाख रुपये अतिरिक्त की मांग की गई। इस मामले में पुलिस ने महिला और उसके बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता नसीम बानो, जो चिकंबरपुर पसौंडा निवासी हैं, ने बताया कि इस साल जनवरी माह में प्रॉपर्टी डीलर मुशर्फ और यामीन ने उन्हें गली नंबर-2, जवाहर पार्क इलाके में एक तीन मंजिला मकान दिखाया। 52 गज के इस मकान को पसंद करने के बाद उन्होंने मकान मालिक फरोज कुरैशी और उनकी मां के साथ मुलाकात की। मकान का सौदा 30.50 लाख रुपये में तय हुआ और बयाने के तौर पर अलग-अलग चेक से 6.10 लाख रुपये दे दिए गए। इसके बाद 16 जनवरी को तहसील में संपत्ति का पंजीकृत एग्रीमेंट बनवाया गया। इस दौरान मकान मालिक को दो लाख रुपये नकद और पांच लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए।

इस तरह आरोपियों के पास कुल 13.10 लाख रुपये बयाने के तौर पर पहुँच गए। नसीम ने आरोपियों से मकान की रजिस्ट्री जल्द कराने का अनुरोध किया, लेकिन तय तारीख पर जब वे तहसील पहुंची तो मकान मालिक मौजूद नहीं थे। कॉल करने पर आरोपियों ने बार-बार टालमटोल किया। इसके बावजूद नसीम ने मकान की शेष रकम के लिए स्मॉल फाइनेंस बैंक से लोन भी ले लिया और चेक हासिल कर लिए। 12 सितंबर को जब उनके पति ने आरोपियों से संपर्क किया तो आरोपियों ने रजिस्ट्री करने से साफ मना कर दिया और तय रकम के अलावा 25 लाख रुपये अतिरिक्त मांगने लगे।

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान, चरणबद्ध विरोध प्रदर्शन

वेलकम इंडिया




**लखनऊ/गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने अपने लंबे समय से अनसुनी मांगों और संवर्गीय समस्याओं के समाधान में शासन एवं राजस्व परिषद की उदासीनता के कारण प्रदेशव्यापी आंदोलन का एलान कर दिया है। संघ ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय वर्षों से उपेक्षित किए गए लेखपाल संवर्ग और संगठन के हितों के लिए मजबूरी में लिया गया है। संघ के अनुसार पिछले छह वर्षों में संवर्ग की मांगों को लेकर लगातार पत्राचार, वार्ता और कार्यवृत्त प्रस्तुत किए गए, लेकिन शासन और राजस्व परिषद स्तर पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया। गुरुवार को हुई उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रांतीय बैठक में यह तय किया गया कि यदि संवर्गीय समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो संघ अपने आंदोलन को व्यापक रूप देगा। संघ ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को तहसील समाधान दिवस के दौरान प्रदेश की समस्त तहसीलों में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शांतिपूर्ण धरना दिया गया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इसके बावजूद समस्याओं के समाधान में कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। संघ ने इस प्रक्रिया के माध्यम से शासन और अधिकारियों को चेतावनी दी थी कि यदि संवर्गीय समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन का दायरा बढ़ाया जाएगा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने कहा कि पिछले छह वर्षों में लेखपाल संवर्ग ने अनुशासित तरीके से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं को सफल बनाया, बावजूद इसके संवर्ग और संगठन की लगातार उपेक्षा की गई। संघ ने उल्लेख किया कि 2016, 2017, 2018, 2019 और 2024 में संवर्ग की मांगों और कार्यवृत्त के अनुसार शासन और राजस्व परिषद स्तर पर सहमति बनने के बावजूद कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। पत्राचार, ज्ञापन और बैठकों के माध्यम से बार-बार ध्यानाकर्षण कराने के बावजूद संवर्गीय समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, जिससे आंदोलन की संभावना बढ़ी। संघ ने यह भी कहा कि पिछले छह वर्षों में उन्होंने कभी भी आंदोलन नहीं किया और हमेशा अनुशासन का पालन करते हुए अपने कार्यों के साथ अन्य विभागों की योजनाओं को भी सफल बनाया। इसके बावजूद उपेक्षा और संवर्ग की समस्याओं का गंभीरता से न हल होना आंदोलन का मुख्य कारण है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने आगामी चरणबद्ध आंदोलन का कार्यक्रम भी सार्वजनिक किया है। इसमें शामिल हैं: 22 नवंबर 2025 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर सभी लेखपाल काली पट्टी पहनेंगे, 8 दिसंबर 2025 को प्रदेश के सभी जनपदों में मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा, 13 दिसंबर 2025 को पुनः थाना समाधान दिवस पर काली पट्टी पहनकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 20 दिसंबर 2025 को सभी तहसील मुख्यालयों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक धरना आयोजित होगा और ज्ञापन उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा। 27 दिसंबर को थाना समाधान दिवस पर काली पट्टी पहनकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 30 दिसंबर 2025 को प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक धरना दिया जाएगा।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 6 जनवरी 2026 तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो पूरे कार्यों का बहिष्कार और विधानसभा पर प्रदर्शन सहित अन्य व्यापक आंदोलन किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने इस अवसर पर स्पष्ट किया कि यह एक अनुशासित संगठन है और हमेशा पत्राचार, ज्ञापन और वार्ता के माध्यम से अपने हक के लिए प्रयास करता है। आंदोलन का निर्णय केवल वर्षों की उपेक्षा और संवर्गीय समस्याओं के निराकरण में शासन और परिषद की निष्क्रियता के कारण लिया गया है। संघ ने यह भी कहा कि संवर्ग के हितों और आमजन के हित में उनका आंदोलन शांतिपूर्ण और संगठित तरीके से होगा, लेकिन यदि संवर्गीय समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का दायरा और गंभीर रूप लेगा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने शासन और राजस्व परिषद से आग्रह किया है कि 13 अक्टूबर 2025 एवं 5 अप्रैल 2024 को प्रस्तुत मांग पत्रों और कार्यवृत्तों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए और संवर्गीय समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।